हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, मंगलवार 23 दिसंबर 2025



# छुरिया सोसाइटी से 800 क्विंटल धान गायब, ठाकुरटोला में 63 एकड़ रकबा समर्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिला प्रशासन की जारी उपार्जन केंद्रों में भौतिक सत्यापन अभियान के तहत सोमवार को छुरिया सोसाइटी की जांच की गई। एक साथ दो दर्जन से अधिक अफसर-कर्मचारियों की दस्तक के साथ शुरू हुए भौतिक सत्यापन में समिति से दर्ज रिकार्ड के मुकाबले 800 क्विंटल धान गायब मिला। जिसको लेकर पंचनामा तैयार कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। वहीं दूसरी ओर ठाकुरटोला ग्राम में तीन किसानों ने कुल 63 एकड़ रकबे का समर्पण किया।

मिली जानकारी के अनुसार भौतिक सत्यापन अभियान के तहत जिला कलेक्टर जितेंद्र यादव के निर्देश पर एक टीम को छुरिया स्थित उपार्जन केंद्र भेजा गया था, जहां पहुंचकर टीम ने केंद्र में दर्ज रिकार्ड को देखा, उसके उपरांत समिति में रखे हुए धान के कट्टों की गणना शुरू की गई। घंटों की गणना के बाद टीम ने पाया कि समिति के फड़ में 1293 मीट्रिक टन मोटा धान, 1519 मीट्रिक टन पतला धान एवं 493 मीट्रिक टन सरना धान पाया गया, जो दर्ज रिकार्ड से लगभग 80 मीट्रिक टन धान कम पाया गया। जिसके बाद टीम ने पंचनामा तैयार कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। ज्ञात हो इससे पहले भी प्रशासनिक टीम ने जिले के आधा दर्जन से अधिक उपार्जन केंद्रों में दस्तक देकर भौतिक सत्यापन का कार्य किया है। जिसमें अधिकांश समितियों में रिकार्ड में दर्ज धान की मात्रा और मौके पर उपलब्ध मात्रा में अंतर देखने को मिला है। इससे यह समझा जा सकता है कि समिति स्तर पर कितने बड़े स्तर पर गड़बड़ी की जा रही थी।

## भौतिक सत्यापन से सामने आई सच्चाई, जिम्मेदार लोगों पर एक्शन की तैयारी में प्रशासन

### जिम्मेदारों पर एक्शन नहीं

पिछले एक महीने के दौरान आधा दर्जन से अधिक उपार्जन केंद्रों में प्रशासन की टीम ने पहुंचकर भौतिक सत्यापन का कार्य कर लिया है, लेकिन अब तक किसी भी जिम्मेदार समिति प्रबंधक या प्राधिकृत अधिकारी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई है। जबकि अन्य जिलों में जिम्मेदारों पर भी एक्शन हो रहा है। ऐसे में राजनीतिक संरक्षण होने के चलते प्रशासन के कार्रवाई से पीछे हटने के आरोप भी लगने लगे हैं।



### बारदाना में भी गड़बड़ी

छुरिया सोसाइटी में केवल धान के कट्टों में गड़बड़ी सामने नहीं आई है, बल्कि उपार्जन केंद्र में बारदाना की संख्या में भी गड़बड़ी सामने आई है। बताया गया कि ऑनलाइन रिकार्ड के अनुसार केंद्र में 85000 बारदाना का स्टॉक बताया गया। इनमें नया, मिलर्स से प्राप्त एवं पीडीएस बारदाना शामिल है। जबकि मौके पर भौतिक सत्यापन में 300 नया बारदाना अधिक पाया गया।

### इन्होंने किया रकबा समर्पण

ग्राम ठाकुरटोला के कृषक सुनील कुमार जैन पिता मोहनलाल ने लगभग 40.00 एकड़ यानि 840 क्विंटल धान नहीं बेचने के लिए रकबा समर्पण किया। कृषक जीवनचंद बैद पिता पारसमल बैद ने 18.00 एकड़ और ग्राम मनकी के किसान बसंत कांकरिया पिता कुंदनमल ने लगभग 5.33 एकड़ 111 क्विंटल धान का समर्पण किया है। इस तरह तीन किसानों ने कुल लगभग 63.33 एकड़ रकबा समर्पण किया है। इतने रकबे में 1271 क्विंटल धान बिक्री हो सकती थी।

---

### केसीजी जिले के गातापार थाना का मामला, सीएएफ जवानों के बीच घटना

# थप्पड़ मारने से पनपा विवाद, अपने ही साथी की गोली मारकर हत्या, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़-राजनांदगांव

खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले के गातापार थाना अंतर्गत घाघरा गांव स्थित बटालियन कैंप में एक सीएएफ जवान द्वारा अपने ही साथी जवान की गोली मारकर हत्या का मामला सामने आया है। बताया गया कि दोनों जवानों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ, जिस पर मृतक ने आरोपी को एक थप्पड़ जड़ दिया था। इसी थप्पड़ से आक्रोशित होकर आरोपी ने मृतक जवान को देर रात अपनी सर्विस रायफल से गोली मार दी। चेहरे पर गोली पड़ने की वजह से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। आरोपी को स्थानीय पुलिस ने हिरासत में भी ले लिया है।

केसीजी पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतक जवान की पहचान उत्तरप्रदेश के अलीगढ़ निवासी सोनवीर जाट के रूप में हुई है। जबकि आरोपी आरक्षक का नाम अरविंद गौतम है। पुलिस के मुताबिक मामला छग महाराष्ट्र की सीमा पर बसे जिले के अंतिम गांव घाघरा में 17वीं वाहिनी सीएएफ के बेस कैंप का है, जहां दो महीने पहले ही आईटीबीपी की जगह सीएएफ को तैनात किया गया था। साथ में जंगलों में सर्च करने वाले जवान सोनवीर जाट मीरपुर थाना पिसावा जिला अलीगढ़ यूपी का अरविंद गौतम पिता भिखरी प्रासाद गौतम हाजीपुर आजमगढ़ यूपी से देर शाम साढ़े सात बजे के आसपास किसी बात पर हो रही चर्चा कहा-सुनी में बदल गई और तमतमाए सोनवीर ने अरविंद गौतम को एक-दो तमाचा जड़ दिया। जवानों ने बीच-बचाव कर मामला उस समय शांत करा दिया, लेकिन साथी जवानों के सामने गाल लाल हुए अरविंद गौतम ने इसे बेइज्जती समझा और ड्यूटी के दौरान मिले इंसास रायफल से रात बारह बजे के आसपास बैरक में घुसकर सोए हुए सोनवीर के चेहरे पर गोली दाग दिया। गोली की आवाज से बौखलाए साथी जवान उठे, कुछ ने अरविंद से रायफल छीनी तो कुछ हताहत सोनवीर को बचाने की जुगत में लग गए, लेकिन चेहरे पर गोली लगने से सोनवीर की अस्पताल पहुंचने से पहले ही मौत हो गई।



**हथियार जब्त, दस्तावेज की भी जांच** : घटना की जानकारी मिलते ही एसडीओपी ममता अली, गातापार थाना प्रभारी अंबरीश शर्मा भी मौके पर पहुंचे और आरोपी जवान अरविंद गौतम को सुरक्षागत और जांच संबंधी तकनीकी साक्ष्य जुटाने बेस कैम्प में ही रखे हुए थे। वहीं पुलिस टीम ने घटना में प्रयुक्त हथियार, ड्यूटी से संबंधित दस्तावेज, पेट्रोलिंग रिकॉर्ड और अन्य भौतिक साक्ष्यों को भी जब्त कर लिया है। इसी साक्ष्यों के आधार पर मामले की गहन विवेचना की जा रही है।

### पीएम के बाद गांव भेजा मृतक का शव

बताया गया कि घटना के बाद घायल जवान को सोमवार तड़के जिला मुख्यालय के सिविल अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टर्स ने मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद शव को अस्पताल की मरच्युरी में सुरक्षित रखा गया था। मृतक के शव का पोस्टमॉर्टम किया गया एवं देर शाम सीएएफ जवानों के साथ गृहग्राम अलीगढ़ रवाना किया गया।

### खास दोस्त थे आरोपी-मृतक, साथी भी हैरान

घाघरा गांव स्थित सीएएफ बटालियन कैंप के साथी जवानों ने बताया कि सोनवीर और अरविंद दोस्त थे। साथ में ड्यूटी भी करते थे और दोनों के संबंध भी मधुर थे। ऐसे में दोनों के बीच किस बात को लेकर इतना बड़ा विवाद हो गया, यह साथियों को भी समझ नहीं आ रहा है। बताया गया कि इस घटना ने साथी जवानों को भी हतप्रभ कर दिया।

---

# कीटनाशक सेवन कर होमगार्ड के सैनिक ने की आत्महत्या

## मिला सुसाईडल नोट, जांच के लिए भेजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



नगर सेना में कार्यरत एक सैनिक ने विषैला पदार्थ का सेवन कर आत्महत्या कर ली। रविवार दोपहर को हुए इस घटना में मृतक ने सुसाईड नोट भी लिखा है। जिसमें विभाग के अधिकारियों के संबंध में उल्लेख किया है। इस मामले में सुरगी पुलिस चौकी मर्ग कायम कर जांच कर रही है।

पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर सेना में कार्यरत सैनिक तीजऊराम ग्राम खैरा ने अपने घर में रविवार को दोपहर के समय विषैला पदार्थ का सेवन कर लिया था। बताया गया कि इस घटना की जानकारी होने पर उसे उपचार हेतु मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, लेकिन उसे वहां पर मृत घोषित कर दिया गया। नगर सैनिक के आत्महत्या करने से परिवार के लोग सदमे में है। वहीं नगर सेना स्टाफ में सनसनी फैल गई है। इधर गांव के लोगों में भी इस घटनाक्रम को लेकर शोक की लहर व्याप्त हो गई है। घटना की सूचना पर सुरगी पुलिस चौकी में मर्ग कायम किया गया है। बताया गया कि होमगार्ड के आत्महत्या के बाद एक नोट भी पुलिस को मिला है। जिसकी जांच के लिए उसे भेजा जाएगा। इस नोट में कई अफसरों के नाम भी उल्लेखित किए गए है।

### सुसाईड नोट लिखा

पुलिस के अनुसार मृतक ने सुसाईड नोट भी लिखा है। जिसमें अपने मर्म का उल्लेख किया है। वहीं सर्विस संबंधी मामले में विभाग के बड़े अधिकारियों का नाम उल्लेख किया है। पुलिस के अनुसार पुलिस इस मामले में जांच पड़ताल कर रही है।

### सोशल मीडिया में नोट वायरल

इधर इस मामले से जुड़ा दो पन्नों का एक सुसाईडल नोट सोशल मीडिया प्लेटफार्म वाट्सएप पर भी वायरल हो रहा है। जिसमें विभागीय प्रताड़ना से तंग होने के अलावा रिटायरमेंट की अवधि बढ़ाने सहित अन्य मामले शामिल है। हालांकि पुलिस को मिले सुसाईडल नोट की अब जांच कराई जाएगी। जिसके बाद ही जांच आगे बढ़ाई जाएगी।

---

# मंदिर से प्रतिमा हटाने को लेकर हिन्दू संगठन आक्रोशित, घेरा थाना



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के नंदई चौक में सतनाम धाम के बाजू स्थित मंदिर से भगवान की प्रतिमा को हटाकर विसर्जन के लिए ले जाए जाने का मामला सामने आया है। जिसके बाद हिंदू संगठन के लोगों ने यहां पहुंचकर जमकर आक्रोश व्यक्त किया और आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार कर कड़ी कार्रवाई की मांग की। सोमवार दोपहर सतनाम धाम के बगल में स्थित पीपल पेड़ के नीचे वर्षों से स्थापित मंदिर से बजरंगबली की प्रतिमा, शिवलिंग और त्रिशूल को हटाए जाने से यहां काफी आक्रोश नजर आया।

प्रतिदिन कई लोग यहां भगवान की पूजा करने पहुंचते हैं। आज भी जब कुछ लोग यहां पूजा करने पहुंचे तो मंदिर से बजरंगबली की प्रतिमा गायब थी। वहीं शिवलिंग और त्रिशूल भी नहीं था। इसके बाद आसपास के लोगों को सूचना दी गई और पता किया गया तो मालूम हुआ कि कुछ लोगों द्वारा यहां से भगवान की प्रतिमा व त्रिशूल को शहर के मोहारा नदी में विसर्जन के लिए ले जाया गया है।

⏩ शेष पेज 14 पर

### मंदिर भवन का होना है विस्तार

इधर भगवान की प्रतिमा हटाए जाने का मामला हिंदू संगठनों तक पहुंचने के बाद बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हो गए। वहीं पुलिस बल भी मौके पर पहुंच गई। बताया गया कि यहां पर एक अन्य समाज द्वारा मंदिर भवन का विस्तार किया जाना है। जिसको लेकर इस मंदिर को हटाने की योजना बनाई गई थी।

संजीवनी नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
डॉ. कल्याण श्याम वझलवार
हमारी बाल चिकित्सा देखभाल और सेवाएं
• टीकाकरण
• नेबुलाइजेशन
• ओ.पी.डी. (बाह्य रोगी विभाग)
• आई.पी.डी. (इनपेशेंट विभाग)
• CPAP सतत सकारात्मक वायुमार्ग दबाव चिकित्सा
• वेंटिलेटर
• एन.आई.सी.यू. नवजात गहन चिकित्सा इकाई
• पी.आई.सी.यू. बाल चिकित्सा गहन चिकित्सा इकाई
• बिलीकेयर टेस्ट गैर इनवेसिव बिलीरूबिन मापक
• ओटोअकॉस्टिक एमिशन टेस्ट (OAE)
• नवजात बच्चों की सुनने की क्षमता के लिए जाँचें
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

---

# मवेशियों की तस्करी, चार पकड़ाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

दो वाहन में भरकर मवेशियों की तस्करी करने के मामले में पुलिस न आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है। आरोपियों से कुल सात मवेशी बरामद किया गया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार 21 दिसंबर को थाना खैरागढ़ पुलिस को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि बोलेरो वाहन एवं एक अन्य बोलेरो वाहन में गौ-वंश को अवैध रूप से भरकर खैरागढ़-लांजी मार्ग होते हुए महाराष्ट्र राज्य ले जाया जा रहा है।

### सात मवेशी बरामद

वाहनों की तलाशी लेने पर एक बोलेरो से 3 नग भैंसा तथा दूसरे बोलेरो से 3 नग भैंसी एवं 1 नग भैंसा बरामद किए गए। सभी पशुओं को बिना चारा-पानी के भूखे-प्यासे एवं क्रूरतापूर्वक रस्सी से बांधकर डाले में भरा गया था। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। अन्य की संलिप्तता के संबंध में अनुसंधान एवं प्रकरण में जब्त मशरूका का राजसात की कार्रवाई पृथक से की जा रही है।

### घेराबंदी कर पकड़ा

सूचना की तस्दीक हेतु धरमपुरा पुल खैरागढ़ के पास नाकाबंदी की गई। दौरान नाकाबंदी उक्त दोनों वाहन बाजार अतरिया की ओर से आते दिखाई दिए। पुलिस द्वारा रोकने पर वाहन चालक एवं परिचालक वाहन छोड़कर भागने का प्रयास करने लगे, जिन्हें घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम हेमलाल साहू हिरमी जिला बलौदाबाजार, सुनील वासुदेव 20 वर्ष निवासी चौरेंगा बलौदाबाजार, राधेश्याम साहू 25 वर्ष निवासी गंजेरा जिला बेमेतरा एवं अनिल वासुदेव 27 वर्ष निवासी चौरेंगा जिला बलौदाबाजार है।

---

# गिरवी जमीन बेचने का आरोप, शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कन्हारपुरी निवासी रफीक अली और उनके परिजनों ने एसपी कार्यालय पहुंचकर अपनी 10 एकड़ गिरवी जमीन को बेचने का आरोप लगाते क्रेता द्वारा मारपीट किए जाने के मामले में कार्रवाई की मांग की है। एसपी कार्यालय पहुंची शमीम बानो ने बताया कि उनके रिश्तेदार शाहिद अली को रुपयों की जरूरत थी तो उन्होंने अपने खेत को गिरवी रखकर 28 लख रुपए लिए और तीन माह में छुड़वाने की मोहलत दी थी।

⏩ शेष पेज 14 पर



### जुर्म दर्ज

जमीन को लेकर दो पक्षों में विवाद है। कुछ दिन पहले मारपीट के मामले में दोनों पक्षों के खिलाफ एफआईआर दर्ज हुआ है।

**- राहुल देव शर्मा,** एएसपी

### मारपीट का आरोप

मोहड़ और कन्हारपुरी के बीच स्थित इस 10 एकड़ खेत का मामला सिविल मामला चल रहा है। उन्होंने अपने ज्ञापन में बताया कि उक्त भूमि को धोखे से कृष्णा सोनकर, बलराम सोनकर, प्रेम सोनकर आदि ने मुख्त्यार के माध्यम से खरीद लिया है। जब हल्का पटवारी ग्राम कन्हारपुरी मौका जांच व पंचनामा के लिए आए थे तो बयान लेकर पंचनामा तैयार किया जा रहा था, तभी रफीक अली, शाहदत अली व उनके परिवार वालों के साथ लाठी, लोहा, राड, हाथ-मुक्के से मारपीट किया गया।

---

## पिछली चोरी के आरोपियों को अब तक पकड़ नहीं पाई पुलिस

# मानव मंदिर चौक में चार महीने के भीतर दूसरी बार मेडिकल दुकान में चोरी, सुरक्षा पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के मानव मंदिर चौक स्थित गणेश मेडिकल स्टोर में बीती रात अज्ञात चोरों ने प्रवेश कर गल्ले में रखे नगदी रकम की चोरी कर ली। सुबह इस घटना की खबर से आसपास के व्यापारियों में सनसनी फैल गई थी। पुलिस इस मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है। पूर्व में भी इस दुकान के साथ एक अन्य दुकान में चोरी की घटना हुई थी। जिसका सुराग अब तक नहीं मिल पाया है।

पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत शहर के प्रमुख चौक स्थित गणेश मेडिकल स्टोर में बीती रात अज्ञात चोरों ने छत की ओर से दुकान में प्रवेश किया। बताया गया कि अज्ञात चोरों ने दुकान के गल्ले में रखे नगदी रकम लगभग 65 हजार रुपए की चोरी कर मौके से फरार हो गए। शहर के बीच चौक में हुए चोरी के इस मामले की खबर सुबह आसपास के व्यापारियों को होते ही व्यापारियों के बीच सनसनी फैल गई थी। इधर चोरी की घटना की सूचना पर पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।




### सीसीटीवी खंगाल रही पुलिस

बताया गया कि घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची थी। टीम ने सीसीटीवी फुटेज की जांच कर यह देखा कि चोर किस तरफ से दुकान में आए और चोरी के बाद किधर गए। सूत्रों के मुताबिक आरोपी दूसरे राज्य के हो सकते हैं।

### इसी मेडिकल में पूर्व में भी हो चुकी है चोरी की घटना

ज्ञात हो कि लगभग तीन माह पूर्व भी उक्त मेडिकल दुकान सहित घड़ी दुकान में ऊपर की ओर से चोरों ने दुकानों में प्रवेश कर चोरी की घटना को अंजाम दिया था। इस मामले में पुलिस को चोरों का सुराग अभी तक नहीं मिल पाया है। उक्त घटना का खुलासा हो नहीं पाया था कि फिर मेडिकल दुकान में चोरी की वारदात हो गई। ज्ञात हो कि उक्त चौक में हमेशा चहल-पहल रहती है, देर रात तक लोगों का आवागमन बना रहता है। इसके बाद भी चोरी की घटना होने से लोगों के बीच कई तरह की चर्चाएं व्याप्त है।

आवश्यकता है
ज़िंदगी का बेस्ट डिसिज़न!
जैन मोटर्स अधिकृत विक्रेता जॉन डियर इंडिया प्राईवेट लिमिटेड को निम्न पद हेतु अनुभवी व्यक्तियों की आवश्यकता है।

| सेल्समैन | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | 1. खैरागढ़ | 3 पद | 5. छुईखदान | 3 पद |
| | 2. जालबांधा | 2 पद | 6. साल्हेवारा | 2 पद |
| | 3. घुमका | 2 पद | 7. मोहला | 2 पद |
| | 4. गण्डई | 3 पद | 8. अं.चौकी | 3 पद |

नोट :- आकर्षक वेतन, मोटर साइकिल अनिवार्य.
इंटरव्यू दिनांक 24/12/2025 स्थान-खैरागढ़
संपर्क स्थल : जैन मोटर्स स्टेट हाईवे, कवर्धा रोड, खैरागढ़
9977184777, 8120006476, 9406011166

## खबर संक्षेप

### सड़क अतरिया में सुशासन शिविर कल

**सड़क अतरिया।** जिला प्रशासन के निर्देशन में अगामी 24 दिसम्बर को ग्राम सड़क अतरिया में सुशासन शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में विभिन्न विभाग के अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि शामिल होंगे। शिविर में ग्रामीण समस्या के निराकरण के लिए आवेदन दे सकते हैं। शिविर में पैलीमेटा, मोहगांव, दरबान टोला, सिंगारपुर, ठाकुरटोला, अचानकपुर, जंगलपुरघाट, मानपुरपहाड़ी, गर्रा, देवरचा, भोथली, बाईकटोरी, खुड़मुड़ी, उर्तुली, झूरानदी, श्यामपुर, लक्ष्मणपुर, कोहलाटोला, कानीमेरा, बीरूटाला, गातापार, चोरलाडीह, लंझियाटोला, लालपुर, देवपुरागंडई, नादिया, लिमो, दुल्लापुर, मुंडाटोला, खौड़ा, ढाबा, बुढ़ासागर, कृतबांस, कटंगी, ठंडार, चकनार, मानपुर, जीराटोला, खैरानवापारा, खैरबना, संडी एवं कुकुरमुड़ा के ग्रामीण शामिल होंगे।

### जरहामहाका में मड़ई 6 को

**बांधाबाजार।** जरहामहाका में आगामी 6 जनवरी को मंडई मेला का आयोजन रखा गया है। ग्रामीणों के मनोरंजन हेतु रात्रि में रंगधारा छत्तीसगढ़ी नाच पार्टी ग्राम ओनवा की रंगारंग प्रस्तुति होगी। सरपंच मन्नूलाल चंद्रवंशी, तुलाराम, अरुण सिरमौर, चुम्मन गेंडे, सरदारीराम, टुम्मन सेन, घनश्याम साहू, कनस चंद्रवंशी आदि ने आसपास के लोगों से शामिल होने की अपील की है।

### धनडोंगरी मड़ई 26 को

**रामाटोला।** ग्राम धनडोंगरी आगामी 26 दिसंबर को मंडई का आयोजन किया गया है। रात्रि में छत्तीसगढ़ नाच पार्टी झन भूलो मां बाप ला महोबा पचपेड़ी का कार्यक्रम रखा गया है।यह जानकारी आशीष वाघमारे ने दी।

### सभापति ने हितग्राही को कराया गृह प्रवेश



**सड़क अतरिया।** गुमानपुर में सोमवार को जनपद सभापति डोमार सिंह भेड़िया ने पीएम आवास के हितग्राही इंदु जंघेल को नवनिर्मित मकान में प्रवेश कराया। इस मौके पर विधि विधान से पूजा अर्चना कर फीता काटा गया। हितग्राही इंदू ने सरकार का आभार जताते हुए कहा कि उसका पक्के मकान में रहने का सपना पूरा हुआ। इस मौके पर सरपंच चंचला तीजे धुर्वे, सचिव सुनील वैष्णव, पंच एवं ग्रामीण मौजूद थे।

### बढ़ी कपकपी, अलाव का सहारा

**सड़क अतरिया।** वनांचल सहित ग्रामीण इलाके में शीत लहर का प्रभाव बढ़ा है। लोग चौबीस घंटे ठंड का अनुभव कर रहे हैं। सुबह होते ही लोग ठिठुरन से बचने अलाव का सहारा लेते नजर आते हैं। सुबह एवं शाम को गांव की गलियों, मोहल्लों एवं चौक में लोग अलाव जलाकर मौसम का आनंद ले रहे है। वनांचल क्षेत्र में तापमान कम हो जाने से सुबह ओश की बुंद बर्फ की चादर की तरह बिछ रही है। दिन भर शीतल हवा चलने से लोग गर्म कपडे का उपयोग कर रहे हैं। वही ठंड के कारण सर्दी, जुकाम के मरीज लगातार बढ़ रहे हैं।

## निधन

### शैलेंद्र चौबे

**डोंगरगढ़।** स्थानीय तहसील कार्यालय में कार्यरत कर्मचारी शैलेंद्र चौबे का सोमवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 23 दिसंबर मंगलवार को होगा। अंतिम यात्रा सब्जी मंडी स्थित निवास स्थान से छीरपानी मुक्तिधाम के लिए दोपहर 1 बजे निकलेगी। उनके निधन पर तहसील कर्मचारी संघ, ब्राह्मण समाज, विश्व जागृति मिशन सहित अन्य सामाजिक संगठनों ने शोक संवेदना व्यक्त



## सुशासन शिविर में प्रशासन को सौंपा आवेदन

# पट्टे के लिए सालों से भटक रही गरीब परिवारों की कई महिलाएं

### पट्टा के आभाव में नहीं मिल रहा पीएम आवास योजना का लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

नगर के वार्ड आठ की निर्दलीय पार्षद नफीसा बड़गुजर और पूर्व पार्षद सिद्धीक बड़गुजर के नेतृत्व में करीब 50 परिवारों की महिला और पुरूषों ने जमीन का पट्टा देने की मांग को लेकर सोमवार को सुशासन सप्ताह के तहत आयोजित शिविर में आवदेन दिया।

वार्ड के महिला पुरूषों ने बताया कि वार्ड आठ के किला डोगरी इलाके में वह लोग करीब 30 सालों से निवास करते आ रहे हैं। बीते कुछ सालों में शहर में विभिन्न योजना के तहत पट्टा वितरण किया गया किन्तु उन्हे पट्टा से वंचित कर दिया गया। जमीन का पट्टा नहीं होने से उन्हे पात्रता होने के बाद प्रधानमंत्री आवास सहित अन्य योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है। इस इलाके में निवासरत अधिकांश परिवार गरीब तबके के है। बहुसंख्यक ऐसे परिवार हैं जो रोजी कर भरण पोषण कर रहे हैं।उनकी आर्थिक स्थिति ऐसी नहीं है कि स्वयं के व्यय से पक्का मकान बना सके।



#### यह परिवार लाभ से वंचित

जानकारी के अनुसार वार्ड आठ की कुमारीबाई, सरोज यादव, अंजनी साहू, लिलेश्वरी साहू, मोनिका साहू, मनीषा यादव, कलाबाई, कुंतीबाई, रशीलाबाई, गैंदीबाई, मीना देवी, रानी लोखंडे, कस्तुरी, मनभा, अश्वंतिन, पवित्रा, सोना, हीराबाई, मिलापा, पदमाबाई, शांतिबाई, टिकेश्वरी, दुलेश्वरी, त्रिवेणी, विशाखा, राखी, अनिता, उर्मिला, सीता, संतोषी, दुलारी, मीरा राजपूत सहित अन्य कई सालों से जमीन का पट्टा देने की मांग करते हुए प्रशासन और जनप्रतिनिधियों को आवेदन देते आ रही है किन्तु अब तक उन्हे पट्टा देने की पहल आरंभ नहीं हो सकी है।

#### कलेक्टर से मिलने की तैयारी

स्थानीय प्रशासन के असहयोत्मक रवैए को देखते हुए महिलाएं अब कलेक्टर से मिलकर आवेदन सौंपने की तैयारी में है। जानकारी के अनुसार पार्षद नफीसा बड़गुजर और पूर्व पार्षद सिद्धिक बड़गुजर के नेतृत्व में महिलाओं का प्रतिनिधि मंडल राजनांदगांव जाकर कलेक्टर से

#### यह भी मांगे रखी

पार्षद बड़गुजर ने परबीन बानो के घर से साहू घर, विशाखा सोनकर के घर से विष्णु पटेल के घर तक आरसीसी नाली, शिव मंदिर के पास मंच, डोम निर्माण, पेवर ब्लाक, शौचालय की मरम्मत, ओपन जिम, महेश यादव के घर से राजा खान के घर तक नाली मरम्मत, सामुदायिक भवन, सार्वजनिक शौचालय एवं आंगनबाड़ी भवन निर्माण की मांग शिविर में रखा है।

#### सुशासन सप्ताह में जमीन के पट्टे की ज्यादा मांग

**डोंगरगढ़।** सुशासन सप्ताह के तहत नगर पालिका कार्यालय में शिविर आयोजित किया गया। नगर के 24 वार्डों के निवासियों ने प्रधानमंत्री आवास, उज्जवला योजना, प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, आयुष्मान कार्ड, विश्वकर्मा योजना और सड़क - नाली संबंधी आवेदन जमा किए। शिविर में कुल 540 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें सबसे अधिक 285 आवेदन आवासीय पट्टे के आए। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे ने कहा कि राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ हर वर्ग के लोग उठा सकें, जिसे ध्यान में रखते यह शिविर आयोजित किया गया। उन्होंने बताया कि आवेदनों की जांच कर उन्हें समयबद्ध तरीके से समाधान की पहल की जाएगी। शिविर में उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा, शहर भाजपा अध्यक्ष जसमीत सिंह बन्नोआना, महिला मोर्चा अध्यक्ष सविता दरगढ़, पार्षद रेखा राघवते, शिवांगी साखरे, विनय बंसल, अलका जय सहारे, नागेंद्र परिहार सहित अन्य शामिल हुए।

# सम्मेलन में सामाजिक विषयों पर गंभीर चर्चा



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

संघ शताब्दी वर्ष के निमित बुधवारी पारा में शनिवार को हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। भारत माता की पूजा के बाद महिला समिति ने भजन, सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। मुख्य वक्ता प्रांत सामाजिक समरसता संयोजक विश्व नाथ बोगी, साहू समाज प्रमुख हेमंत साहू, जिला बौद्धिक प्रमुख वैशाली देशकर थे। समाज प्रमुखों को गमछा भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में तरुण हथेल, शंकर लारिया, गोवर्धन राजपूत, हंसराज साहू, जसमीत बन्नोआना, कंवलराम देवांगन, रमेश वर्मा, अनुराधा शर्मा, विश्वनाथ यादव, अमित जैन, मनोज गुप्ता, कुश मालेकर, बालमुकुन्द्र तराने, लखनलाल, रमेश बहेकर शामिल हुए। इस दौरान पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, पालिका उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा, शिवांगी साखरे, बबिता मलागर, रेखा रघोरते सहित अन्य उपस्थित थे।

#### समाज प्रमुखों का सम्मान

इसी प्रकार जनपद बस्ती में हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में वक्ताओं ने हिंदू समाज के समक्ष उपस्थित चुनौतियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने हेतु सामाजिक सुधार, शिक्षा, नैतिक मूल्यों, नशा मुक्ति, पर्यावरण संरक्षण एवं राष्ट्रीय एकता जैसे विषयों पर गंभीर चिंतन आवश्यक है। वक्ता जुगल किशोर ने कहा कि समाजिक उन्नति के लिए युवाओं की सक्रिय सहभागिता आवश्यक है। संचालन कुलदीप साहू ने किया।

### भाजपा की कार्यशाला आज

**डोंगरगढ़।** प्रदेश एवं जिला भाजपा के निर्देश पर कल 23 दिसंबर को छिरपानी परिसर में विधानसभा स्तरीय कार्यशाला आयोजित किया गया है। कार्यशाला में संगठनात्मक विषयों, आगामी कार्यक्रमों के विषयों के संबंध में चर्चा की जाएगी। कार्यशाला में पूर्व विधायक, पालिका अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सभी पदाधिकारी, प्रकोष्ठ के पदाधिकारी, शक्ति केंद्र प्रभारी, संयोजक, सहसंयोजक, पार्षद आदि शामिल होंगे।

# कलश यात्रा के साथ कथा वाचन शुरू

- कथा का आयोजन 28 दिसम्बर तक

हरिभूमि न्यूज ⏭ उरईडबरी

ग्राम में पांच कुंडीय श्री विष्णु महायज्ञ एवं श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम का शुभारंभ अत्यंत भक्तिमय वातावरण में हुआ। पहले दिन वैदिक मंत्रो के साथ यज्ञ की अग्नि प्रज्जवलित की गई।

इससे पूर्व ग्राम में कलश यात्रा निकाला गया। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं पीत वस्त्र धारण कर सम्मिलित हुईं। हरि नाम संकीर्तन, जयघोष और भजनों के साथ निकली इस यात्रा ने पूरे ग्राम को आध्यात्मिक वातावरण से ओत-प्रोत कर दिया। प्रातः 9 बजे पांच कुंडीय श्री विष्णु महायज्ञ का शुभारंभ हुआ।



यज्ञाचार्य ने वैदिक विधि से आहुतियाँ अर्पित की। श्रीमदभागवत कथा के पहले दिन गोकर्ण कथा, महात्म्य एवं श्रवण विधि का भावपूर्ण वाचन हुआ। यह आयोजन आगामी 28 दिसम्बर तक चलेगा। प्रातः 9 बजे से यज्ञ एवं दोपहर 1 बजे से कथा वाचन होगा।

# ग्रामीणों के बीच पहुंचा जिला प्रशासन

- शिविर में ग्रामीणों ने रखी मांगे और समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

सुशासन सप्ताह अंतर्गत प्रशासन गांव की ओर अभियान के तहत शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में मानपुर में जिला स्तरीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों ने समस्याओं का मौके पर निराकरण किया।

जिला पंचायत उपाध्यक्ष भोजेश शाह मांडवी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि लोगों को जागरूक होकर विभागीय योजनाओं की जानकारी प्राप्त करनी होगी, तभी शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँच सकेगा। उन्होंने कहा कि प्रशासन गांव की ओर शासन की एक सराहनीय पहल है, जिसके माध्यम से सभी जिला स्तरीय विभाग आपके द्वार तक पहुँच रहे हैं, लेकिन योजनाओं का लाभ लेने के लिए एक कदम नागरिकों को भी आगे बढ़ाना होगा। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य सुशीला भंडारी, जनपद सदस्य रेणु टांडिया, कांता ठाकुर, रविन्द्र सलामे, दिलीप वर्मा, मदन साहू, प्रकाश मिश्रा, संगीता मिश्रा, धरमू भुआर्य, ओमप्रकाश चाण्डक, अपर कलेक्टर जीआर मरकाम, डिप्टी कलेक्टर डीआर ध्रुव, एसडीएम मानपुर अमित नाथ योगी, सीईओ जनपद पंचायत मो हनीश सहित अन्य उपस्थित थे।



#### विभिन्न विभागों ने लगाए स्टॉल

शिविर में पंचायत एवं ग्रामीण विकास, महिला एवं बाल विकास, श्रम विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, विद्युत, लोक निर्माण, राजस्व, खाद्य, हथकरघा, स्वास्थ्य, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, कृषि, शिक्षा, मत्स्य पालन विभाग सहित अन्य विभागों ने स्टॉल लगाकर योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान विभिन्न मांगों एवं शिकायतों से संबंधित 32 से अधिक आवेदन प्राप्त किए गए। शिविर में समाज कल्याण विभाग द्वारा ट्राईसायकल, व्हीलचेयर, श्रवण यंत्र आदि वितरित किए।

# ट्रैफिक सिग्नल लगाने की मांग



**चिचोला।** जीई रोड़ से डोंगरगढ़ जाने वाले मार्ग पर हमेशा दुर्घटना का खतरा बना रहता है। जीई रोड़ पार करने के दौरान पूर्व में कई अनहोनी हो चुकी है। बस स्टैण्ड सर्विस रोड़ से जाने वाले राहगीर को राजनांदगांव और डोंगरगढ़ जाने के लिए जीई रोड क्रास करना पड़ता है जिसमें बहुत परेशानी होती है।

आए दिन होने वाली दुर्घटना को देखते हुए आवागमन कंट्रोल करने के लिए ट्रेफिक सिग्पल होना जरूरी हो गया है क्योंकि बस स्टैण्ड से निकलने वाली बसें रांग साइड से होकर डोंगरगढ़ व राजनांदगांव की ओर जाती है। इस मार्ग पर ट्रकों का आवागमन भी लगातार रहता है। देखने में आया है कि वाहनों के दोनो तरफ से आवाजाही होने के कारण मोटरसायकल चालक बीच में फंस जाते है और पार करने के प्रयास में दुर्घटना के शिकार हो जाते है।

# माइक्रो एटीएम की सुविधा से राहत

### किसानों को समितियों से मिल रहा धान का पैसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

किसानों को धान विक्रय पश्चात समिति में ही भुगतान प्राप्त करने जिले में संचालित 19 सहकारी समितियों में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के माध्यम से माइक्रो एटीएम सुविधा उपलब्ध कराई गई है जिससे किसानों को धान विक्रय की राशि का आसानी से आहरण कर रहे है। इस व्यवस्था से किसानों को बैंक के चक्कर लगाने से साथ लाइन लगाने की झंझट से मुक्ति मिली है। आमाटोला धान उपार्जन केंद्र में पहुंचे राजाटोला के कृषक महेश एवं शंकर ने बताया कि समितियों में माइक्रो एटीएम की सुविधा से काफी राहत मिली हैं। धान विक्रय पश्चात पैसा निकालने में बैंक शाखा में भीड हो जाती है, जिससे लाइन में लगने से काफी समय व्यर्थ होता हैं, लेकिन अब समितियों में माइक्रो एटीएम होने से उन्होंने 20 हजार रुपए मिल रहा है।

#### 20 हजार की लिमिट

माइक्रो एटीएम के माध्यम से कार्यालयीन दिवसों एवं समय पर किसान रूपे एटीएम कार्ड के माध्यम से प्रतिदिन 20 हजार तक की राशि का आहरण कर सकते है। लेन-देन पश्चात समिति द्वारा ग्राहकों को सिस्टम जनरेटेड स्लीप प्रदान करेगी। कृषक अपने रूपे एटीएम कार्ड के माध्यम से बैंक शाखा के अलावा अपनी समितियों में भी राशि आहरण एवं जमा कर सकते हैं। जिले के 2 हजार 631 किसान अब तक एक करोड़ 93 लाख 65 हजार 996 रुपए निकल चुके हैं।

# घर-घर जाकर पिला रहे बच्चों को पोलियो ड्राप

**खड़गांव।** जन्म से पांच वर्ष तक आयु बच्चों को पोलियो से बचाने के लिए ड्राप पिलाया जा रहा है जिसकी शुरूवात रविवार से की गई। रविवार को जो बच्चे ड्राप पीने से छूट गए है उन्हे स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी घर घर खुराक पिला रहे हैं। जिन बच्चों ने पल्स पोलियो खुराक ले लिया है उन्हे चिन्हित किया जा रहा है। घरों की मार्किंग भी किया जा रहा है ताकि कोई भी बच्चा न छूटे। एनएम पूर्णिमा कोटाले ने बताया कि विभाग का उद्देश्य हर बच्चे को पल्स पोलियों खुराक पिलाने का है। इस बात पर खास ध्यान दिया जा रहा है कि कोई भी बच्चा न छूटे। इस अभियान में एनएम पूर्णिमा कोटले के साथ मितानिन देवातिंन उसारे, बृजेश्वरी नांदरे और सोनाई धुर्वे सहयोग कर रही है।



### नए पदाधिकारियों ने संभाला पदभार

# रामदुलार निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित

हरिभूमि न्यूज ⏭ तुमड़ीबोड़

निकटवर्ती ग्राम टेका हरदी में गत दिनों ग्राम स्तरीय साहू समाज के पदाधिकारियों का निर्वाचन किया गया। साहू समाज के सदस्यों ने रामदुलार साहू को सर्वसम्मति से ग्राम इकाई का निर्विरोध अध्यक्ष बनाया। उल्लेखनीय है कि श्री साहू ब्लाक पंचायत सचिव संघ के अध्यक्ष और जिला पंचायत सचिव संघ के उपाध्यक्ष भी है। कार्यकारिणी में संरक्षक हेमंत साहू, उपाध्यक्ष जसवंत साहू, निर्मला साहू, सचिव राजकुमार साहू, संगठन सचिव चेतन साहू, सरिता साहू एवं कोषाध्यक्ष नानुक साहू है।



नवनिर्वाचित पदाधिकारी 21 दिसंबर का आयोजित शपथ ग्रहण कार्यक्रम में पदभार ग्रहण किया। कार्यक्रम के आरंभ में आराध्य देवी माँ कर्मा, स्वामी जगन्नाथ एवं दानवीर भामाशाह की पूजा अर्चना की गई। सामाजिकजनों ने मौजूदगी में हेमंत साहू ने निर्वाचित पदाधिकारियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाया। इस मौके पर भरोसा साहू, घनश्याम साहू, नरेन्द्र साहू, चंद्रेश साहू, हीरालाल साहू, सुखराम साहू, रवि साहू, संतराम, पिलेश्वर, भुवन, तमेश्वर, राजेंद्र, राजू, महेश साहू, थानु, दिनेश, पवन, राधेश्याम, दामोदर, नंदलाल, शंकर, संतोष, रमेश, महेश, विष्णु, तिलक, गंगा, ठाकुर राम, आजुराम, टेमन, भुवन, ताम्रध्वज साहू, खेम, हीरामन, संतोष, रामेश्वर, भुनेश्वर, रामाधीन, दशरू, भागवत, रामदल, अरुण, धन्यसिंग, हरित, खिलावन, हिरमोतिन, मोतिम, भुनेश्वरी, सुनीता, शांति, सरिता, निर्मला, कुमारी, प्रेमिनबाई, वंदना, सुंदरी आदि मौजूद थे।

# पंथी नृत्य के साथ निकाली शोभायात्रा

**जेवरतला रोड।** पिनकापार में सतनामी समाज ने गुरु घासीदास जयंती श्रद्धा के साथ मनाया। समाजिकजनों ने ग्राम में पंथी नृत्य के साथ प्रभात फेरी निकालकर गली भ्रमण किया। लोगों ने जैतखाम एवं गुरु घासीदास की पूजा अर्चना किया। इस मौके पर समाज प्रमुख पोसु राम मारकंडे ने कहा कि घासीदास ने ऊंच नीच के भेदभाव को मिटाने के लिए सामाजिक समरसता का संदेश दिया। बुधराम लहरे ने कहा कि सतनामी समाज को एक सुत्र में पिरोने का संदेश दिया। राधाबाई लहरे ने मनखे मनखे, एक समान का संदेश से सबको एक सूत्र में पिरोने का आव्हान किया। कार्यक्रम में बीरसिंग टंडन, विजय शंकर लहरे, सेवक लहरे, पूरीलाल लहरे, जोगीराम गायकवाड़, रोहित मोइये, जितेंद्र मोइये, धनेश मोइये, नरेश गहिने, जोगराज गहिने, निर्मल मारकंडे, पालुराम मारकंडे, रेतनदास, गुहाराम, अनिल, हीरू, दिलीप बारले, सुरेंद्र मारकंडे, इंद्रपाल, टोमन, दीपक बारले, टोमन लहरे, टेटकू राम, डमेश कुमार, प्रदीप बारले, कीर्ति लहरे, लक्ष्मी लहरे, देविका लहरे, लाखोबाई, बिमलाबाई, शांताबाई, खूशबू टंडन, तोमेश्वरी, खेमीन, बिरझा, राधाबाई, किरण, फूलकूंवर, प्रेमबाई, राजेशवरी, गीता लहरे मौजूद थी।



### नशा से दूर रहने का आह्वान

**डोंगरगढ़।** विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ग्राम पंचायत पढुमतरा में आयोजित गुरु घासीदास जयंती एवं पंथी नृत्य प्रतियोगिता में शामिल हुईं। विधायक श्रीमती बघेल ने जनसमुदाय को संबोधित करते हुए गुरु घासीदास के बताए सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलने का आह्वान किया। उन्होंने बाबा के अमर संदेश मनखे-मनखे एक समान के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने नशा का त्याग कर सादगीपूर्ण जीवन जीने की अपील की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं सामाजिकजन शामिल हुए।

## खबर संक्षेप



### बच्चों ने बनाए सराहनीय गणित मॉडल

**टेड़ेसरा।** स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर में श्रीनिवास रामानुजन के जन्म दिन को गणितीय दिवस के रूप मे मनाया गया। विद्यालय के आचार्यों ने श्री रामानुजन के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात भैया बहनों ने गणितीय मॉडल, चित्रकला, चार्ट, प्रदर्स, रंगोली, उल्टा पहाड़ा, गीत, कविता, भाषण, प्रश्न मंच में हिस्सा लिया। प्रथम- द्वितीय आने वाले भैया बहनों को पुरस्कृत किया गया। प्रधानाचार्य धनीराम यादव ने गणित मैजिक ट्रिक और पहेलियों से गणित हल करने के बारे में बताया। लक्ष्य कम्प्यूटर सेंटर के संचालक मोतीलाल सिन्हा ने गणितीय मॉडल, प्रदर्स, रंगोली का निरीक्षण किया। इस दौरान मोनिता साहू, मेनका निषाद, तिरंजा बिसेन, प्रेमा गंजीर, रूपा साहू, तिलोका यादव, चाकेश्वरी साहू, योगेश्वरी वर्मा, हिना यादव, भावना आदि मौजूद थे।

### दस एकड़ पैरावट जलकर राख



**सड़क अतरिया।** ग्राम खैरबना में सोमवार की दोपहर ब्यारा में आग लगने से लगभग दस एकड़ का पैरा जलकर राख हो गया। दमकल एवं ग्रामीणों की मदद से देर शाम तक आग पर काबू पाया गया। प्राप्त जानकारी अनुसार सोमवार की दोपहर लगभग 1 बजे ग्रामीणों ने दैहान समीप अमर दास सिन्हा के ब्यारा में धुंआ उठते देखा। तब किसी घटना की आशंका से ब्यारा में जाकर देखा तो पैरावट में आग लग गई थी, जो तेजी से फ़ैल रही थी। ग्रामीणों ने तत्काल घटना की सूचना अग्निशामक को दिया। करीब एक घंटे के बाद दमकल मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया। ग्रामीणों ने बताया कि आग काफी लगी थी अगर समय पर काबू नहीं किया जाता तो आग समीप के घरों में पहुंच जाती।

### ओपन स्कूल आवेदन की अंतिम तिथि 15 तक

**छुईखदान।** छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल, रायपुर द्वारा मार्च–अप्रैल 2026 में आयोजित होने वाली दसवीं एवं बारहवीं परीक्षा के लिए आवेदन प्रक्रिया जारी है। परीक्षा हेतु सामान्य शुल्क के साथ आवेदन 15 जनवरी तक किए जा सकेंगे। विभागीय जानकारी के अनुसार, निर्धारित तिथि के बाद विलंब शुल्क 500 रुपये के साथ आवेदन 18 से 25 जनवरी तक स्वीकार किए जाएंगे। परीक्षा में सम्मिलित होने के इच्छुक विद्यार्थी शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला, छुईखदान में उपस्थित होकर आवेदन पत्र भर सकते हैं। आवेदन के समय विद्यार्थियों को आधार कार्ड, तीन पासपोर्ट साइज फोटो, पिछली कक्षा की अंकसूची एवं बैंक खाता विवरण साथ लाना अनिवार्य होगा।

खनन और सीमेंट फैक्ट्री के विरोध ने लिया जन आंदोलन का रूप

# ग्रामीण महिलाएं संभालेंगी किसान आंदोलन की कमान

## किसान अधिकार संघर्ष समिति का गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

दनिया, अतरिया, उदयपुर, हनईबन संपूर्ण परिक्षेत्र में प्रस्तावित चूना पत्थर खदान और श्री सीमेंट फैक्ट्री की स्थापना के विरोध में चल रहा किसान आंदोलन अब नए, संगठित और निर्णायक चरण में प्रवेश कर चुका है। आंदोलन की कमान अब महिलाओं के हाथों में सौंपे जाने के बाद पूरे क्षेत्र में अभूतपूर्व उत्साह, ऊर्जा और सामाजिक चेतना देखने को मिल रही है।

इसी कड़ी में किसानों और ग्रामीणों के अधिकारों की रक्षा के उद्देश्य से किसान अधिकार संघर्ष समिति का विधिवत गठन कर अध्यक्ष के रूप में लुकेश्वरी जंघेल को नियुक्त किया गया है, जबकि प्रियंका जंघेल को समिति की सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई है। आंदोलन को दिशा और अनुभव प्रदान करने के लिए गिरवर जंघेल और मोतीलाल जंघेल को संरक्षक बनाया गया है। वही आंदोलन का प्रमुख चेहरा बनकर उभरे सुधीर गोलछा को समिति का संयोजक नियुक्त किया गया है। डोमर सिंह भेड़िया और कुसुम जंघेल सह संयोजक की भूमिका निभाएंगे।

### परियोजना बंद होने तक आंदोलन जारी रहेगा



समिति अध्यक्ष लुकेश्वरी जंघेल ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जब तक दनिया, अतरिया, उदयपुर, हनईबन क्षेत्र से खनन परियोजना और सीमेंट फैक्ट्री की स्थापना को पूरी तरह रद्द नहीं किया जाता, तब तक आंदोलन अनवरत जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र पूरी तरह से कृषि प्रधान है, जहां त्रिफसली खेती होती है। खनन और फैक्ट्री से उपजाऊ भूमि, जलस्तर और पर्यावरण को गंभीर नुकसान पहुंचेगा, जिससे किसानों की आजीविका पर सीधा असर पड़ेगा। सचिव प्रियंका जंघेल ने कहा कि आने वाले दिनों में गांव-गांव जाकर बैठक आयोजित की जाएंगी जहाॅ ग्रामीणों को खनन परियोजना और सीमेंट फैक्ट्री से होने वाले पर्यावरणीय नुकसान, संभावित जल संकट और कृषि पर पडने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी दी जाएगी।

### किसान महापंचायत में उमड़ा जनसैलाब



हाल ही में आयोजित किसान महापंचायत में किसानों और ग्रामीणों की भारी भीड़ ने यह स्पष्ट कर दिया कि आंदोलन को व्यापक जनसमर्थन प्राप्त हो रहा है। महापंचायत में उमड़े जनसैलाब ने आंदोलन की ताकत और एकजुटता को दर्शाया है। समिति संयोजक व जनपद सभापति सुधीर गोलछा ने कहा कि महिलाओं के नेतृत्व, किसानों की एकता और बढ़ते जनसमर्थन को देखते हुए यह आंदोलन अब पूरी तरह जन आंदोलन का रूप ले चुका है। आने वाले समय में गांव-गांव से किसानों और क्षेत्रवासियों को जोड़कर इस परियोजना को बंद कराने के लिए निर्णायक संघर्ष किया जाएगा।

### महिलाओं की भागीदारी से आंदोलन को मिली नई मजबूती

आंदोलन की बागडोर महिलाओं के हाथों में आने से क्षेत्र की महिलाओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। बड़ी संख्या में महिलाएं अब खुलकर आंदोलन में भागीदारी निभा रही हैं। प्रारंभिक कार्यकारिणी में विभिन्न गांवों से 180 महिला सदस्य और 170 पुरुष सदस्य शामिल किए गए हैं। समिति द्वारा गांव-गांव जाकर बैठक आयोजित कर कार्यकारिणी का और विस्तार किया जाएगा। समिति कार्यकारिणी मे उपाध्यक्ष कामदेव जंघेल, बीरेंद्र जंघेल, राजकुमार जंघेल, प्रमोद सिंह व छोटू यादव को बनाया गया है। सह सचिव की जिम्मेदारी मुकेश पटेल, विक्रम यादव को सौंपी गई है जबकि मीडिया प्रभारी का दायित्व सौरभ जंघेल, एमन जंघेल, ज्ञानेंद्र जंघेल, प्रियंका चंदेल, होमेश्वर जंघेल और लक्की जंघेल को सौंपा गया है। किसानों की आस्था, एकजुटता और मानसिक बल को मजबूत करने के उद्देश्य से आंदोलन स्थल पर दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर के निर्माण का भी निर्णय लिया गया है। समिति का कहना है कि इससे आंदोलनकारियों को आध्यात्मिक संबल मिलेगा और संघर्ष को नई ऊर्जा प्राप्त होगी।

# रश्मिदेवी सिंह कॉलेज में मना गणित दिवस




■ गणित अंकों का खेल नहीं नवाचार की आधारशिला है

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती पर रानी रश्मि देवी सिंह कालेज में विद्यार्थियों में गणित के प्रति रुचि विकसित करने और इसके व्यावहारिक महत्व को समझाने राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ ओपी गुप्ता ने दीप प्रज्वलन साथ करते हुए कहा कि गणित केवल अंकों का खेल नहीं बल्कि तर्क, विश्लेषण और नवाचार की आधारशिला है।

विज्ञान, प्रौद्योगिकी और अर्थव्यवस्था में गणित की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। गणित विभाग द्वारा व्याख्यान, क्विज प्रतियोगिता व गणितीय पहेलियाँ आयोजित की गईं। विद्यार्थियों ने रामानुजन के योगदानों जैसे संख्या सिद्धांत, अनंत श्रेणियां व गणितीय सूत्रों पर अपना विचार प्रस्तुत किया। विभागाध्यक्ष खुशबू सिन्हा ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों में तार्किक सोच व समस्या-समाधान क्षमता को विकसित करता हैं। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान भबिता मंडावी, विकाश कुमार, निशा दुबे, अजीत साहू, खेमपाल पाल, डॉ परमेश्वरी, शबाना खान, डॉ उमेद चंदेल, विनय चौहान सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# पल्स पोलियो अभियान का जिले में शुभारंभ जनप्रतिनिधियों ने दो बूंद जिंदगी का दिया संदेश

**खैरागढ़।** राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान का विधिवत शुभारंभ सिविल हॉस्पिटल में किया गया। जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने नवजात शिशुओं व छोटे बच्चों को पोलियो की दो बूंद पिलाकर अभियान की शुरुआत की वही जिले के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों व पोलियो बूथों में जनप्रतिनिधियों ने अभियान का शुभारंभ किया।

जिला रेडक्रॉस सोसायटी चेयरमैन व जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने कहा कि दो बूंद जिंदगी हर बच्चे के लिए आवश्यक है। बच्चों के सुरक्षित और स्वस्थ भविष्य के लिए यह अभियान अत्यंत महत्वपूर्ण है। 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग का कोई भी बच्चा पोलियो दवा से वंचित न रहे, यह हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।



### अधिकारियों ने किया निरीक्षण

स्वास्थ्य विभाग से जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ बोधन परते, डीपीएम सोनल ध्रुव, जिला डाटा प्रबंधक खिलेश चंद्राकर, बीएमओ डॉ विवेक बिसेन, डॉ. मनीष बघेल, ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक आकाश तंबोली, डॉ पंकज वैष्णव सहित मितानिन दीदियाँ, स्वास्थ्यकर्मी व स्वास्थ्य केंद्र का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। राज्य टीकाकरण अधिकारी डॉ वीआर भगत व स्टेट कंसल्टेंट मुमताज अंसारी ने जिले के विभिन्न पल्स पोलियो बूथों का निरीक्षण किया।

### जिले भर में संचालित हुआ अभियान

अभियान कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल के मार्गदर्शन, जिपं सीईओ प्रेमकुमार पटेल व सीएमएचओ डॉ. आशीष शर्मा के निर्देशन में जिलेभर में सुचारू रूप से संचालित किया जा रहा है। अभियान के दौरान बड़ी संख्या में अभिभावक अपने छोटे बच्चों को लेकर स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। अभिभावकों में पोलियो के प्रति जागरूकता और बच्चों के स्वस्थ भविष्य को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। इस दौरान नपा अध्यक्ष गिरजा चंद्राकर, जिला रेडक्रॉस समिति उपाध्यक्ष भागवत शरण सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने सहभागिता दी। नगर पंचायत गंडई में जिपं अध्यक्ष प्रियंका ताम्रकार व नपं अध्यक्ष लाल टाकेश्वर शाह खुसरो, छुईखदान में नपं उपाध्यक्ष व पार्षदगण, पीएचसी पांडादाह में जिपं स्वास्थ्य समिति सभापति अरुणा बनाफर सिंह सहित ग्रामों एवं नगरीय निकायों में जनप्रतिनिधियों ने पल्स पोलियो बूथों पर पहुंचकर बच्चों को दवा पिलाया।

### 23 से 25 दिसंबर तक बिलासपुर में होगा राज्य स्तरीय युवा महोत्सव, टीम रवाना

**खैरागढ़।** जिले की चयनित युवा प्रतिभाओं की टीम 23 से 25 दिसंबर तक बिलासपुर में आयोजित राज्य स्तरीय युवा महोत्सव में सहभागिता के लिए रवाना हुई। टीम को कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल, संयुक्त कलेक्टर सुमन राज और डिप्टी कलेक्टर पूजा पींचा ने शुभकामना देते हुए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। 5 दिसंबर को इंदिरा कला संगीत विवि में जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन किया गया था जिसमे 14 विधाओं लोक नृत्य, लोक गीत, वाद-विवाद, कहानी लेखन, चित्रकला, सुवा नृत्य, रॉक बैंड, राउत नाचा, नाटक, वेशभूषा सहित अन्य शामिल थे। स्पर्धा में खैरागढ़ छुईखदान विकासखंड की टीमों ने भाग लिया था जिसमें विभिन्न विधाओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों का चयन राज्य स्तरीय युवा महोत्सव के लिए किया गया है। उक्त प्रतिभागी 23 से 25 दिसंबर तक बिलासपुर में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। राज्य स्तरीय स्पर्धा में शामिल होने 105 विद्यार्थियों को सहायक क्रीड़ा अधिकारी कन्हैयालाल पटेल के नेतृत्व में रवाना किया गया। इस दौरान नीलू सिंह, डॉ विनीत सिंह, बैधनाथ वर्मा, प्रिंकर कश्यप, संजय श्रीवास्तव सहित अन्य मौजूद थे।

# खैरागढ़ से हसदेव तक, जंगलों का सवाल!

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जिले के छुईंखदान क्षेत्र में प्रस्तावित श्री सीमेंट फैक्ट्री को लेकर उठा विवाद अब केवल एक औद्योगिक परियोजना तक सीमित नहीं रहा। यह मामला धीरे-धीरे छत्तीसगढ़ में जल, जंगल, जमीन और विकास मॉडल पर खड़े बड़े सवालों का प्रतीक बन गया है।

स्थानीय ग्रामीणों और पर्यावरण संगठनों का आरोप है कि फैक्ट्री के नाम पर अंधाधुंध खुदाई की जाएगी जिससे वन भूमि, पहाड़ी संरचना और जल स्त्रोतों पर सीधा असर पड़ेगा, आस पास के सभी खेत बंजर हो जाएंगे जबकि प्रशासन इसे नियमों के भीतर बता रहा है। जिले में यह विरोध प्रदेश में अकेला नहीं है। हसदेव अरण्य, तम्नार, बस्तर और अबूझमाड़ जैसे इलाकों में भी खनन, उद्योग और बड़े प्रोजेक्ट्स के खिलाफ लगातार आवाज़ उठ रही है। हर जगह मूल चिंता एक ही है क्या विकास की कीमत पर प्राकृतिक जंगलों की बलि दी जा रही है।



### नेचुरल व प्राईमरी फारेस्ट हो रहा लॉस

इस बीच एक और अहम तथ्य सामने आता है। जीएफडब्ल्यू जैसे अंतरराष्ट्रीय सैटेलाइट आधारित प्लेटफॉर्म के आंकड़े बताते हैं कि छत्तीसगढ़ में प्राकृतिक जंगलों नैचुरल व प्राइमरी फारेस्ट में लगातार कवर लॉस हो रहा है यानि वे जंगल जो सदियों से जैव विविधता, जल स्रोत और आदिवासी जीवन का आधार रहे, वे घट रहे हैं। इसके उलट सरकारी रिपोर्टों में फॉरेस्ट और ट्री कवर बढ़ने की तस्वीर पेश की जाती है। सड़क किनारे पौधारोपण, प्लांटेशन और निजी भूमि पर लगे पेड़ों को भी इसी श्रेणी में जोड़ दिया जाता है। तकनीकी रूप से यह आंकड़ा गलत नहीं है, लेकिन यहीं से असली बहस शुरू होती है। पर्यावरण विशेषज्ञों का कहना है कि प्लांटेशन और प्राकृतिक जंगल बराबर नहीं होते। पुराने जंगल केवल पेड़ नहीं, बल्कि पूरा पारिस्थितिक तंत्र होते हैं, नदियों का उद्गम, वन्यजीवों का घर और स्थानीय समुदायों की आजीविका ऐसे जंगल कट जाएं और उनकी जगह कहीं और पौधे लगा दिए जाएं तो कागजो में हरियाली बढ़ सकती है लेकिन जमीन पर नुकसान स्थायी होता है।

### उठे कई गंभीर सवाल

खैरागढ़ में श्री सीमेंट फैक्ट्री को लेकर उठे सवाल भी इसी बड़े परिदृश्य से जुड़े हैं। स्थानीय लोग पूछ रहे हैं कि क्या ग्राम सभाओं की सहमति वास्तविक थी, क्या पर्यावरणीय प्रभाव का आकलन पूरी ईमानदारी से हुआ और क्या भविष्य में जल संकट व भूमि क्षरण का खतरा बढ़ेगा। यही सवाल आज पूरे प्रदेश में गूंज रहा है, क्या सरकार अनजाने में, या जानबूझकर, ट्री कवर बढ़ने की तस्वीर दिखाकर असली जंगलों के खत्म होने की सच्चाई को ढक रही है यह मुद्दा सिर्फ आंकड़ों की बहस नहीं है, बल्कि नैतिक और पर्यावरणीय जिम्मेदारी का है। विकास जरूरी है लेकिन यदि उसकी कीमत जंगल, पहाड़ और आने वाली पीढ़ियों का भविष्य है तो उस विकास मॉडल पर दुबारा सोचने की जरूरत है। इस स्थिति मे प्रदेश आज उसी चौराहे पर खड़ा है, जहां फैसला केवल फैक्ट्रियों और खदानों का नहीं बल्कि जंगलों के साथ न्याय का भी है।

# जयंती पर प्रतियोगिता का आयोजन

**गंडई पंडरिया।** स्थानीय शासकीय देवी प्रसाद चौबे महाविद्यालय में महान भारतीय गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती राष्ट्रीय गणित दिवस के रूप में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। गणित विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए सिद्ध किया कि गणित केवल अंकों का खेल नहीं, बल्कि जीवन का आधार है।



महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. डीपी कुर्रे के कुशल मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं के बीच क्विज, पोस्टर निर्माण और गायन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। पोस्टर प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों ने रामानुजन के जीवन और उनके गणितीय सूत्रों को आकर्षक ढंग से प्रदर्शित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. युवराज टेम्भारे ने किया। इस अवसर पर वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. एनएस वर्मा, टीएल वर्मा, आसित साहू और ओपी कौशिक ने रामानुजन के संघर्ष और उनकी उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को शोध की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस गरिमामयी कार्यक्रम में हेमंत मिश्रा, दीपांशु यादव, पद्मिनी साहू, पल्लवी गुप्ता सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना बनी वरदान

**राजनांदगांव।** भारत सरकार द्वारा गर्भवती महिलाओं एवं शिशुवती माताओं के उत्तम स्वास्थ्य और पोषण के स्तर को सुधारने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की शुरूआत की गई है। योजना के तहत गर्भवती महिलाओं को प्रसव के दौरान एवं प्रसव के बाद शिशुवती माताओं को मजदूरी की क्षति के एवज में आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है, ताकि गर्भवती महिलाएं अपने और अपने बच्चे को सही पोषण देकर स्वास्थ्य पर बेहतर ध्यान दे सके। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत दो वर्षों में जिले की लगभग 12 हजार 100 गर्भवती एवं शिशुवती महिलाओं को लाभान्वित किया जा चुका है। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत पात्र महिलाओं को 5000 रुपए की राशि प्रदान की जाती है।

## भजन और भोजन की परंपरा को पुनर्जीवित करने का आह्वान

# हिंदू सम्मेलन में संस्कारों को बचाने की अपील

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

हिंदू समाज को जातियों के भेदभाव से मुक्त कर एक सूत्र में पिरोने और राष्ट्रवाद के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से स्थानीय पोस्ट ऑफिस के समीप विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस गौरवशाली समागम में क्षेत्र के सैकड़ों नर-नारियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और देर शाम तक वक्ताओं के विचारों को आत्मसात किया।



सम्मेलन में वक्ताओं ने वर्तमान चुनौतियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हिंदुओं को अपने घर, परिवार, संस्कृति और जीवन मूल्यों को संजोकर रखना होगा। उन्होंने परिवार के साथ भजन और भोजन की परंपरा को पुनर्जीवित करने का आह्वान किया। पर्यावरण संकट पर चिंता जताते हुए वक्ताओं ने कहा कि हम जन्म से मृत्यु तक लकड़ी का उपयोग करते हैं, लेकिन पेड़ नहीं लगाते।

बढ़ता प्लास्टिक प्रदूषण और गिरता जल स्तर भविष्य की पीढ़ियों के लिए संकट है। यदि आज हम जागरूक नहीं हुए, तो आने वाली पीढ़ी पानी के लिए तरसेगी। कार्यक्रम में राजेश ताम्रकार, राकेश ताम्रकार, नारायण शर्मा, धरमू पटेल, जीवन दास रात्रे, राजू जंघेल, प्रभु वर्मा, विष्णु ठाकुर, साहेबलाल जंघेल, गोपाल प्रसाद तिवारी, भागचंद थदानी, प्रेम शंकर त्रिपाठी, पवन अग्रवाल, उमेश बंजारे, पुष्पेंद्र देवांगन, उमा चौबे, धर्मेंद्र पटेल, अंजलि देवांगन, रमाकांत चौबे, छन्नू सोनी, आशा कुर्रे, सोनिया दुबे, नीरज दुबे, अशोक पटेल, ओमेश्वर साहू, पप्पू देवांगन, बलदाऊ सोनी, शैला त्रिपाठी, उत्तम सिंह ठाकुर सहित अन्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### संगठित हिंदू से बनेगा अखंड भारत

मंच से यह संदेश दिया गया कि जब-जब हिंदू समाज संगठित हुआ है तब भारत विश्वगुरु और सोने की चिड़िया कहलाया है। जातियों में बंटने के बजाय सबको गले लगाना और साथ चलना ही मनुष्यता है। यदि हिंदू संगठित रहेगा तो भविष्य में देश के और टुकड़े नहीं होंगे। इस अवसर पर भारत की महान विभूतियों और साधु-संतों के उदाहरण देकर एकता की महत्ता समझाई गई।

### सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बांधा समां

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न ग्रामों से आईं महिलाओं और बच्चियों ने भक्ति गीतों पर मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी, जिससे वातावरण भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम के समापन पर भारत माता की आरती की गई। जिसके पश्चात सभी ने भोजन प्रसादी ग्रहण किया।

# युवक-युवतियों में शैक्षिक अंतर से होगा गंभीर परिणाम : विप्लव

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

अल्फा नेशनल स्कूल में आयोजित वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ता विप्लव साहू बतौर अकादमिक वक्ता शामिल हुए। उन्होंने कहा कि शिक्षण संस्थानों में युवक और युवतियों के बीच बड़ा शैक्षिक अंतर है, जिससे समाज में गंभीर संकट उत्पन्न हो रहा है।

युवाओं में नशाखोरी और अपराधीकरण बढ़ रहा है लेकिन ना तो कोई समाज विज्ञानी और नही कोई सरकार इस दिशा में गंभीर सोच-विचार करके ठोस कदम उठा रहा है। इसके चलते विवाह जैसी सामाजिक संस्था के साथ-साथ भविष्य में सामाजिक खतरा भी बढ़ना तय हैं। उन्होंने कहा कि हम सभी को अभी से इस दिशा में कदम उठाना होगा। कार्यक्रम में जिपं सदस्य शताक्षी सिंह, अकादमिक लेखक और कवि विनयशरण सिंह ने भी संबोधित किया और पालक प्रतिनिधि के रूप में डॉ घनश्याम ढेकवारे शामिल हुए। विप्लव साहू ने अमेरिका के महान राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन द्वारा अपने बच्चे के शिक्षक को लिखे कवितानुमा पत्र का उद्धरण देते हुए कहा कि एक शिक्षक से बच्चा जीवन के मान सम्मान, धूप छांव और अच्छाई बुराई सीखता है। उन्होंने कहा कि स्कूलों का संचालन समाज निर्माण का बुनियादी कार्य है जिसकी भूमिका व्यक्ति और राज्य के विकास में अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। कार्यक्रम का संचालन रोशनी निर्मलकर ने किया। प्रिंसिपल नुसरत बानो ने आभार व्यक्त किया।



# धान उपार्जन केन्द्रों से 408342.98 क्विंटल धान का उठाव

# जिले में 53149 किसानों से 651 करोड़ की धान खरीदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले में धान खरीदी अभियान से किसानों में हर्ष व्याप्त है। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 अंतर्गत धान खरीदी महाभियान के तहत शासन द्वारा समर्थन मूल्य एवं कृषक उन्नति योजना के तहत किसानों से 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर और प्रति एकड़ 21 क्विंटल तक के मान से धान खरीदी की जा रही है।

कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशन में धान खरीदी सुचारू संचालन के लिए अच्छी व्यवस्था की गई है। धान खरीदी कार्य के लिए इलेक्ट्रानिक तौल मशीन, पेयजल, छांव, बायोमैट्रिक डिवाईस मशीन, श्रमिक एवं अन्य व्यवस्था की गई है। आर्द्रतामापी यंत्र से किसानों के धान का परीक्षण किया जा रहा है। जिले के सभी 96 धान खरीदी केन्द्रों में धान खरीदी की दर एवं सूची व फ्लैक्स लगाए गए है।



## अवैध धान खरीदी पर सख्त कार्रवाई के निर्देश

कलेक्टर ने धान खरीदी केन्द्रों की सतत निगरानी रखने तथा कोचियों एवं बिचौलियों से अवैध धान की खरीदी पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। धान बिक्री के लिए किसान टोकन तुंहर हाथ मोबाईल एप के माध्यम से टोकन प्राप्त कर रहे हैं। जिससे उनके समय की बचत हो रही है और उन्हें सुविधा मिल रही है। उल्लेखनीय है कि अब तक जिले में 53149 पंजीकृत किसानों से 651 करोड़ 06 लाख 62 हजार रुपए मूल्य का 2741899.20 क्विंटल धान की खरीदी की गई है। धान का उठाव भी लगातार जारी है। अब तक धान उपार्जन केन्द्रों से 408342.98 क्विंटल धान का उठाव किया गया है।

## सार समाचार

### पदक जीतने वाले महिला खिलाड़ियों का स्वागत

**राजनांदगांव।** कोटा राजस्थान वेस्ट जोन में आयोजित 15 से 19 दिसंबर तक चलने वाली अस्मिता खेलो इंडिया वेस्ट जोन महिला राष्ट्रीय



भारोत्तोलन लीग स्पर्धा में शहर की 4 महिला वेट लिफ्टर खिलाडियों का नगर आगमन पर शहरवासी, वार्डवासी, व्यायाम शाला एवं भारोत्तोलन संघ द्वारा स्वर्ण पदक, रजत पदक व कांस्य पदक प्राप्त महिला वेट लिफ्टर सोनाली यदु, तानिया बंजारे, मुस्कान यादव एवं भूमि सिंह का भव्य स्वागत किया गया। इस उपलब्धि पर जिला भारोत्तोलन संघ के अध्यक्ष अमित आजमानी ने बताया कि अस्मिता खेलो इंडिया भारोत्तोलन लीग स्पर्धा कोटा राजस्थान में आयोजित की गई थी। इनके उपलब्धि पर वार्डवासी, शहरवासी, जय भवानी व्यायाम शाला, जिला भारोत्तोलन संघ एवं छग भारोत्तोलन संघ उनके उज्जवल भविष्य की कामना करती है। यह जानकारी जिला भारोत्तोलन संघ के सचिव अशोक श्रीवास ने दी।

### हिन्द सेना का अभा सदस्यता अभियान का आगाज

**राजनांदगांव।** हिन्द सेना समाजसेवी संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व सदस्य केंद्रीय मंत्रालय भारत सरकार मंगेश वैद्य के निर्देशानुसार अखिल



भारतीय सदस्यता अभियान का आगाज किया गया है। जिसका उद्देश्य युवाओं को राष्ट्रभक्ति और देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत करना है।

हिन्द सेना के राजनांदगांव युवा ब्रिगेड कार्यकारी जिलाध्यक्ष दीपक स्वर्णकार ने कहा कि हमारा अभियान राष्ट्रभक्ति राष्ट्र निर्माण है। हम समस्त स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के पथ पर युवाओं को देश भक्तिपूर्ण भावना जागृत कर समाजसेवा एवं राष्ट्रसेवा में शामिल होने प्रेरित कर रहे हैं। दीपक ने कहा कि यह अभियान न केवल युवाओं को जागरूक करेगा, बल्कि उन्हें अपने देश के लिए शहीद वीर सेनानियों द्वारा दिए गए बलिदान की जीवनी को आत्मसात करने प्रेरित करेगा। दीपक ने कहा कि यह अभियान युवाओं को समाजसेवा और राष्ट्र सेवा में शामिल होने प्रेरित कर रहा है। जिससे वे अपने देश के विकास में योगदान कर सकें और भारत को पुनः विश्व गुरु की भूमिका निभाने में कटिबद्धता के साथ कार्य करें। दीपक ने देश के समस्त युवाओं को आह्वान कर हिन्द सेना सदस्यता अभियान से जुड़कर राष्ट्र भक्ति, राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देने की बात कही। इस अभियान में जिले के जिला सचिव रवि सिंह, जिला उपाध्यक्ष मनोज जैन, जिला महामंत्री सागर पाण्डेय एवं जिला ग्रामीण सचिव मनोज राजपूत की भी सक्रियता शामिल है।

### नियमित योग व स्वदेशी अपनाने दिया संदेश

**राजनांदगांव।** स्वदेशी के प्रणेता राजीव भाई दीक्षित की जयंती एवं पुण्यतिथि पर महर्षि वाग्भट्ट गौ संवर्धन एवं अनुसंधान संस्थान जिला



राजनांदगांव द्वारा रविवार सुबह मोतीपुर ढाबा रोड स्थित उद्यान में योग एवं स्वदेशी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों एवं नागरिकों को नियमित योग करने एवं स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने का संदेश दिया गया। साथ ही योग एवं स्वदेशी के लाभ एवं महत्व के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में संस्थान के कोषाध्यक्ष पंचगव्य चिकित्सक डॉ. डिलेश्वर साहू ने राजीव भाई दीक्षित के जीवन का परिचय देते उनसे प्रेरणा लेने कहा और सोशल मीडिया पर व्यर्थ के वीडियो देखने के बजाए राजीव दीक्षित के वीडियो देखने और सीखने प्रोत्साहित किया। उन्होंने बच्चों को प्रतिदिन सुबह उठकर गुनगुने पानी पीने एवं दांतों को दातून या मंजन से साफ करने के अद्भुत फायदों के बारे में बताया। योग प्रशिक्षक देवा रंगारी ने बच्चों एवं नागरिकों को सूर्य नमस्कार, प्रणायाम, ध्यान सहित अन्य योगाभ्यास कराया और नियमित योग एवं प्रणायाम के फायदों के बारे में बताया। बच्चों को पार्षद मनोहर यादव, जीआर देवांगन, मनहरण देवांगन ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर कृष्ण कुमार चित्वरकर, महेंद्र यादव, राजीव सिन्हा, आश्विन यादव , गोपाल निर्मलकर, शेषनारायण देवांगन, हेमंत देवांगन, मधु राजपूत, अंजली पंजवानी, वर्षा पंजवानी, खुशी सिन्हा, रूपा सिन्हा, आनंद श्रीवास्तव, राकेश सोनी, धरमराज यादव, पुरूषोत्तम देवांगन, धर्मेन्द्र साहू एवं बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित थे।

### पोलियो खुराक पिलाकर किया शुभारंभ

**राजनांदगांव।** परमालकसा सरपंच परमीला साहू ने 0 से 5 वर्ष तक के



बच्चों को पल्स पोलियो महाभियान के तहत पोलियो की खुराक पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन एवं ग्रामवासियों की उपस्थिति रही। सरपंच परमीला साहू ने ग्रामवासियों से अन्य कार्य छोड़ सर्वप्रथम बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने हेतु निवेदन किया।

# ठा. प्यारेलाल सिंह सहकारिता आंदोलन के प्रणेता थे : मधुसूदन



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

ठा. प्यारेलाल सिंह की जयंती अवसर पर 21 दिसम्बर को ठा. प्यारेलाल सिंह स्कूल के पास नगर निगम द्वारा स्थापित प्रतिमा में महापौर मधुसूदन यादव ने माल्यार्पण कर उनके जीवनी पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर निगम अध्यक्ष टोपेन्द्र सिंह समेत शैकी बग्गा, डीलेश्वर प्रसाद साहू, संदीप बघेल व प्रियंका पंकज कुरंजेकर ने भी पुष्पाजंलि अर्पित की।


महापौर यादव ने कहा कि ठा. प्यारेलाल सिंह का जन्म 21 दिसंबर 1891 को राजनांदगांव जिले के दैहान ग्राम में हुआ था। इनकी शिक्षा राजनांदगांव तथा रायपुर में हुई। इन्होंने देशहित में अनेक आंदोलनों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। 1920 में छत्तीसगढ़ में प्रथम मिल मजदूर आंदोलन की अगुवाई की। राजनांदगांव में मिल-मालिकों के शोषण के विरुद्ध आवाज उठाई। जिसमें मजदूरों की जीत हुई। वे छत्तीसगढ़ में श्रमिक आंदोलन के सूत्रधार तथा सहकारिता आंदोलन के प्रणेता थे। इन्होंने छत्तीसगढ़ में शराब दुकानों में पिकेटिंग, हिन्दू-मुस्लिम एकता, नमक कानून तोड़ना, दलित उत्थान जैसे अनेक कार्यों का संचालन किया और देशसेवा करते अनेक बार जेल गए।

### 80 हितग्राहियों के खातों में पहुंची राशि

**राजनांदगांव।** प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत शहरी क्षेत्र में पक्के आवास निर्माण करने केंद्र एवं राज्य शासन के सहयोग से द्वितीय चरण पीएमएवाई 2.0 अंतर्गत नगर निगम राजनांदगांव में नए 337 आवासों की स्वीकृति शासन से प्राप्त हुई है। इस प्राप्त स्वीकृति के विरूद्ध निकाय के विभिन्न वार्डों में 214 नए आवास अलग-अलग स्तरों में निर्माण कार्य प्रारंभ है।

## बासुला में घासीदास जयंती कार्यक्रम व मेला 26 को

**राजनांदगांव।** बासुला में इस वर्ष भी परम पूज्य संत श्री गुरु घासीदास बाबा की जयंती एवं मंड़ाई मेला का आयोजन आगामी 26 दिसंबर को हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। रात्रि में मनोरंजन के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम लोक रंग मोर सांवरिया ग्राम कंडेल जिला धमतरी वालों का रखा गया है। उक्त जानकारी सरपंच मलिखम कोसरे द्वारा दी गई। कार्यक्रम में उपस्थिति की अपील की गई है।



## पृष्ठ 11 का शेष

### मंदिर से प्रतिमा हटाने...

इसके बाद लोगों ने आपत्ति जताई और मोहारा नदी पहुंचकर प्रतिमा वापस लाया। स्थानीय निवासी जयकिशन शर्मा ने बताया कि यहां आज कुछ लोग पूजा करने आए तो प्रतिमा नहीं मिली। इसके बाद प्रतिमा विसर्जन करने ले जाने वालों की पहचान हुई और उससे पूछताछ की गई तो बताया कि किसी ने उन्हें कहा था कि प्रतिमा विसर्जन कर देना, बात हो गई है। वहीं सतनामी समाज के कुछ लोग यहां पहुंचे थे, जिन्होंने कहा कि यहां मंदिर बनवाकर देंगे, लेकिन किसी से पूछे व बिना किसी से चर्चा किए प्रतिमा को हटाए जाने से आस्था को ठेस पहुंची है। प्रतिमा की हुई स्थापना-विवाद बढ़ता देख मौके पर पहुंची पुलिस ने मामला शांत करवाया और दोबारा मंदिर में प्रतिमा स्थापित की गई । वहीं हिंदू संगठन के लोगों ने इस तरह से प्रतिमा हटाए जाने के प्रति आक्रोश जताते मामले की रिपोर्ट दर्ज करने बसंतपुर थाना पहुंचे।

### गिरवी जमीन बेचने...

लेकिन शाहिद अली ने नहीं छुड़वाया तो उसने खेत बेच दिया। वहीं उन्होंने कहा कि इस 10 एकड़ खेत में उनका परिवार अब तक खेती करता आ रहा है, लेकिन जिन्होंने खेत खरीदा है, उनके द्वारा आकर मारपीट व गाली-गलौज किया जाता है। इस मामले की रिपोर्ट भी कराई जा चुकी, लेकिन पुलिस ने अब तक आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की है।

# प्रतिभा निखारने का आयोजन है क्रिकेट स्पर्धा

- मासूम क्लब झिटिया विजेता व फरहद उपविजेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

न्यू साउथ क्रिकेट क्लब मनकी राजनांदगांव द्वारा ग्रामीण स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता वर्ष 2025 के समापन समारोह के मुख्य अतिथि छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री शाहिद भाई एवं अध्यक्षता प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता रूपेश दुबे, विशिष्ट अतिथि शैलेन्द्र कश्यप, पन्ना निषाद सहित ग्राम के वरिष्ठजन मंचस्थ थे।

फाइनल मैच झिटिया (देवरी बंगला बालोद) एवं फरहद सोमनी टीम के बीच रोमांचक रूप से खेला गया। मैच में झिटिया देवरी बंगला की टीम विजेता होने का गौरव प्राप्त किया। समापन समारोह को



संबोधित करते शाहिद भाई ने कहा कि ग्रामीण प्रतिभाओं को निखारने का प्रमुख माध्यम इस प्रकार के आयोजन है और मनकी में लगातार इस प्रकार के आयोजन होने से क्षेत्र के खिलाड़ियों को यहां अपने प्रतिभा दिखाने का मौका मिलता है। इस आयोजन की विशेषता चुनिंदा 32 टीमों को ही प्रवेश देना है और इस वर्ष के आयोजन में अन्य जिलों की भी टीमों ने भाग लेकर इस प्रतियोगिता को विशालता प्रदान किए हैं।

यह आयोजन और भव्य हो, यही प्रयास हम सबका रहेगा और अंत में विजेता टीम मासूम क्लब झिटिया को 12001 रुपए नगद स्व. मंगतूराम यादव की स्मृति में वीनर कप गोकुल साहू भारतीय सेना द्वारा, उपविजेता टीम फरहद टीम को 8001 रुपए पूर्व सरपंच शैलेंद्र कश्यप एवं वीनर कप हिरेंद्र साहू भारतीय सेना द्वारा तृतीय पुरस्कार के रूप में 5001 नगद मेघराज चंद्राकर एवं देव कुमारी साहू एवं वीनर कप धनेंद्र साहू सीमा सुरक्षा बल द्वारा बीरेझरभाटा टीम को, चतुर्थ पुरस्कार 3001 रुपए ओम लॉजिस्टिक एवं वीनर कप अजय साहू छग पुलिस द्वारा रवेली को प्रदान किया गया।

इसी प्रकार मैन ऑफ द सीरीज करन (फरहद), बेस्ट बैट्समैन माही (झिटिया), बेस्ट बालर रोशन (रवेली), बेस्ट फिल्डर कैप्टन निषाद (बीरेझर भांटा) को प्रदान किया गया।

# युवाओं को बढ़ावा देने नहीं, केवल चेहरा चमकाने का खेल उत्सवः पिंटू

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



कांग्रेस के संभागीय प्रवक्ता कमलजीत सिंह पिंटू ने सांसद पर संसदीय क्षेत्र के युवाओं का अपमान करने और खेल महोत्सव के नाम पर लोगों को गुमराह कर इसकी आड़ में अपनी और अपनों की असफलताओं पर पर्दा डालने का आरोप लगाया है।

उन्होंने एक विज्ञप्ति में कहा कि अपने संसदीय कार्यकाल में केंद्र सरकार से जनता की अपेक्षा के मुताबिक काम करने में पूरी तरह फेल होने के बाद केंद्र सरकार की योजना के मुताबिक सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि पूरा आयोजन सरकार की मंशा से भटक चुका है। गाईड लाइन के मुताबिक खेल का आयोजन में संसदीय क्षेत्र के युवाओं ओर खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करना है, किंतु इस आयोजन में स्थानीय खिलाड़ियों को पूरी तरह से हाशिये पर रख दिया गया है और आउट सोर्सिंग से लाए गए खिलाड़ियों को महत्व दिया गया है। जिसका जीवंत उदाहरण डोंगरगांव में आयोजित फुटबॉल प्रतियोगिता है। पूरे आयोजन पर सवाल उठाते उन्होंने कहा कि डोंगरगांव में कई दशकों तक जेंट्स क्लब स्पर्धा का आयोजन करते रहा है, जिसे किनारे कर कागजी तौर पर गठित दक्षिण कौशल संघ जिसके बारे में लोगों को यह तक मालूम नहीं है कि इसका गठन कब हुआ और इसमें कौन-कौन पदाधिकारी हैं, के माध्यम के किया जा रहा है, जो सवाल खड़े करने वाला है।

कांग्रेस नेता पिंटू ने कहा कि खेल के आयोजन को युवाओं ओर खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के बजाय अपने और जनता की कसौटी में पूरी तरह फेल हो चुके भाजपाई जन प्रतिनिधियों का चेहरा चमकाने का माध्यम बना दिया गया है।

# जयंती पर युवाओं ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

संत शिरोमणि बाबा गुरू घासीदास की 269वीं जयंती पर सोमनी क्षेत्र के ग्राम फरहद में सतनामी समाज द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें समाज के अलावा आसपास गांव के 65 युवाओं ने रक्तदान कर मानवता का प्रमाण दिया। सामाजिक पदाधिकारियों ने रक्तवीरों का आभार व्यक्त कर उन्हें सामाजिक कार्य में भागीदारी करने धन्यवाद ज्ञापित भी किया।

रक्तदान शिविर के साथ गांव में बाबा गुरु घासीदास की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शिविर में समाज के गायकवाड़ परिवार के 12 लोगों ने एक साथ रक्तदान किया। शिविर को सफल बनाने सतनामी समाज फरहद और सतनाम ब्लड डोनेशन फाउंडेशन ने



अपनी भूमिका निभाई। कार्यक्रम को रुपरेखा देने और सफल बनाने में सहभागी साथी प्रवीण गायकवाड, संजय कुर्रे, दिग्विजय जोशी, विरेंद्र गायकवाड़, देवेन्द्र जोशी, भूपेन्द्र गायकवाड़, राकेश गायकवाड़, शत्रुघन, पंकज गायकवाड़, करन, लोकेश, यश, रोहन, मुकेश, रमित पाटिला, शंकर देशलहारे, किशोर जोशी, नागेश बांधे, रमीज भारती, पुनीत भारती, विजय भारती, अमन महिलांगे, नागेश बंजारे, जीविका सवो, नितेश अग्रवाल, पुरषोत्तम कुर्रे, आशीष साहू, दीपेश कुर्रे, देवराम महिलागे, सलीम भारती, नितिन बंजारे, फुलेंद्र बांधे, किशोर मार्कण्डेय, विक्रम देशलहरे एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# श्रद्धाभक्ति के साथ मनेगी पुण्यतिथि

## मां पाताल भैरवी सिद्धपीठ में होगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बर्फानी सेवाश्रम समिति ने श्रीश्री 1011 योगाधिराज ब्रम्हर्षि बर्फानी दादा की पंचम पुण्यतिथि अवसर पर 25 दिसम्बर को अनेक श्रद्धा भक्तिभावपूर्ण आयोजन रखे गए हैं। जिसमें नगर सहित अंचल के श्रद्धालु भक्तजन व गुरु परिवार के सदस्य भाग लेंगे। संस्था के सचिव गणेश प्रसाद शर्मा 'गन्नू' ने बताया कि मां काली स्वरूपनी पाताल भैरवी राज राजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी दस महाविद्या द्वादश ज्योर्तिलिंग शिव शक्ति सिद्धपीठ में 25 दिसम्बर को देश के महान संत व अखिल भारतीय चर्तुः संप्रदाय के पूर्व श्री महंत श्रीश्री 1011 योगाधिराज ब्रम्हर्षि बर्फानी दादा की पंचम पुण्यतिथि श्रद्धाभक्ति के साथ मनाई जाएगी। जिसमें गुरु परिवार व अन्य भक्तजनों की उपस्थिति में



कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं।

श्री शर्मा ने बताया कि 24 दिसंबर को संध्या में बर्फानी धाम महिला मंडल द्वारा सुंदरकांड, हनुमान चालीसा पाठ व भजनों के अलावा 25 दिसम्बर को सुबह 8 बजे से बर्फानी दादा का दूध, दही, शक्कर, शहद, सुगंधित जल व गंगाजल से अभिषेक व चरण पूजन कर श्रृंगार पश्चात महाआरती उतारी जाएगी। तत्पश्चात सुबह 10 बजे से संगीतमय भजनों का कार्यक्रम आयोजित है। कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष राजेश मारु, उपाध्यक्ष दीपक जोशी, सचिव गणेश प्रसाद शर्मा 'गन्नू', कोषाध्यक्ष नीलम जैन, महंत गोविंद दास, महेन्द्र लुनिया, कुलबीर सिंह छाबड़ा, सूरज जोशी, आलोक जोशी, योगेन्द्र पांडेय, बलविंदर सिंह भाटिया, मनीष परमार, संजय खंडेलवाल, आलोक बिंदल, संतोष खंडेलवाल के अलावा अन्य गुरुभक्त व श्रद्धालु भक्तजन सहयोग प्रदान कर रहे हैं।

## महिला वर्ग में शिवनगर बुल्स ने शांतिनगर स्ट्राइकर को हराया

# उत्तरप्रदेश और स्पोर्ट्स अकादमी ने जीता मैच

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

5वीं रुद्राक्षम् वेलफेयर सोसाइटी छत्तीसगढ़ हॉकी लीग अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता के दूसरे दिन तीन मैच खेले गए। महिला वर्ग का पहला मैच शिवनगर बुल्स विरुद्ध शांतिनगर स्ट्राइकर्स के मध्य खेला गया। जिसमें शांतिनगर स्ट्राइकर ने मैच में 3-2 से जीत हासिल की। शांति नगर स्ट्राइकर्स की ओर से उर्वशी यादव, मोनिष्का विश्वकर्मा एवं तुलिका वर्मा ने 1-1 गोल किए। वहीं शिवनगर बुल्स की ओर से एकता एवं उन्नति निषाद ने अमल चौबे एवं उदित मनी साहू ने 1-1 गोल किए।

बालक वर्ग का पहला मैच उत्तरप्रदेश विरुद्ध कबीरधाम के मध्य खेला गया। जिसमें उत्तरप्रदेश की टीम ने कबीरधाम की टीम को 5-4 से पराजित किया। उत्तरप्रदेश की ओर से देवेंद्र सिंह एवं हिमांशु ने 2-2 गोल किया तथा पुनीत पाल ने 1 गोल किया। वहीं



कबीरधाम की ओर से मनीष राजपूत ने 2, सोम साहू एवं कोमल पाल ने 1-1 गोल किया।

बालक वर्ग का दूसरा मैच स्पोर्ट्स अकादमी रायपुर एवं जिला हॉकी संघ दुर्ग के मध्य खेल गया। मैच में स्पोर्ट्स अकादमी की टीम ने 7-3 से जीत दर्ज की। स्पोर्ट्स अकादमी की ओर से लियांश सारिणी ने चार गोल तथा मनीष मौर्या ने 3 गोल किया। वहीं जिला हॉकी संघ दुर्ग की ओर से भेद चौरे ने तीन गोल अपनी टीम के लिए किया। एसईसीएल बेस्ट दर्शक का अवार्ड शांतिनगर वार्ड क्र. 10 निवासी बाबुदास मानिकपुरी को प्रदान किया गया।

रुद्राक्षम वेलफेयर सोसाइटी राजनांदगांव हॉकी लीग के तहत खेले गए दूसरे दिन के मैच के दौरान अतिथि के रूप में पार्षद शिव वर्मा, सुनील साहू, योगेश्वर सिन्हा, गुणवंत पटेल, शरद तिवारी, ज्ञानचंद जैन, जहांगीर खान, अयूब इरफ़ान, अनुराज श्रीवास्तव, दिग्विजय श्रीवास्तव, तृप्ति निषाद, कमलेश्वरी वर्मा, सुनीता साहू, हंस कुमारी साहू, दीपमाला नायडू उपस्थित रहे।

### उत्कृष्ट खिलाड़ियों को मिला फ्लैश हॉकी स्टिक

उत्कृष्ट खेल कौशल प्रदर्शन के लिए बालिका वर्ग में उर्वशी यादव को प्लेयर ऑफ द मैच, तुलिका वर्मा को बेस्ट डिफेंडर एवं मोनिष्का विश्वकर्मा को बेस्ट स्ट्राइकर अवार्ड से सम्मानित किया गया। बालक वर्ग के मैच में उत्तरप्रदेश टीम से खिलाड़ी देवेंद्र सिंह और जिला हॉकी संघ दुर्ग टीम के खिलाड़ी भेद चौरे को मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का अवार्ड प्रदान किया गया।

**वारदात:** हत्या को अंजाम देने के बाद आरोपी नाबालिग गिरफ्तारी देने खुद पहुंचा थाना

# पंडरिया नगर में नाबालिग ने युवक को उतारा मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले में लगातार बढ़ते अपराधो और खस्ताहाल कानून व्यवस्था के बीच बीते रविवार की रात एक नाबालिग ने पंडरिया नगर निवासी युवक की हत्या कर दी। हैरानी की बात यह है कि इस तरह की वारदात को अंजाम देने के बाद अमुमन आरोपी मौके से फरार हो जाते हैं लेकिन नाबालिग ने युवक के साथ खूनी खेल खेलने के बाद मौके से भागने की वजाए खुद को पंडरिया थाना पहुंचकर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने आरोपी द्वारा की गई वारदात को पुख्ता करने और मृतक का शव वारदात करने के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया। अब पुलिस हत्या के कारणों का पता लगाने तथा मामले की जांच में जुट गई है। पंडरिया थाना प्रभारी नितिन तिवारी के अनुसार बीते रविवार की रात करीब 9.00 बजे पंडरिया नगर पालिका कार्यालय के पीछे पुराने हॉस्पिटल परिसर के पास 23 वर्षीय युवक कुणाल पुंशेरे, निवासी घोघरा पारा, पंडरिया, की खून से लथपथ लाश मिली थी। लोगों ने जब कुणाल के शव को खून से लतपथ पड़ा देखा तो क्षेत्र में सनसनी फैल गई और इसकी जानकारी तत्काल पंडरिया पुलिस और मृतक के परिजनो को दी गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पंडरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया। इस हत्याकांड में उस समय चौंकाने वाला मोड़ आया जब वारदात के बाद एक नाबालिग युवक स्वयं पंडरिया थाने पहुंचा और पुलिस को बताया कि उसी ने कुणाल की हत्या की है। आरोपी ने पुलिस को यह भी बताया कि उसने युवक को पुराने हॉस्पिटल के पीछे छोड़ दिया था और उसे यह जानकारी नहीं थी कि वह जीवित है या मृत। आरोपी ने खुद को पुलिस के हवाले कर दिया है। फिलहाल पुलिस आरोपी की पहचान, उम्र और हत्या के कारणों को लेकर गहन जांच कर रही है।



### घटना के बाद से पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल

पंडरिया नगर में इस तरह ये स्थानीय युवक की पत्थर से हमला कर जघन्य हत्या का मामला सामने आने के बाद पूरे नगर में सनसनी फैली हुई और लोग दहशत में है। लोग ये नहीं समझ पा रहे हैं कि आखिर नाबालिग ने युवक की हत्या क्यों और किस मंशा से की है फिर यह भी विचारणीय है कि हत्या को अंजाम देने के बाद आरोपी ने अपने आप को पुलिस के हवाले कर दिया। यह सभी नगर में लोगों के बीच चर्चा का विषय बनी हुई है। बहरहाल पंडरिया पुलिस आरोपी युवक को गिरफ्तार कर सभी विषयों की जांच कर रही है।

### हत्याकांड में अन्य लोगों के शामिल होने की आशंका

लोगों की माने तो इस हत्याकाण्ड में नाबालिग युवक के अलावा कुछ और लोग भी शामिल हो सकते हैं। क्योंकि एक नाबालिग युवक इस तरह से अकेले हत्या जैसे अपराध को अंजाम नहीं दे सकता। नगरवासियों तथा मृतक के परिजनो ने पुलिस प्रशासन से मामले की निष्पक्ष तथा सूक्ष्म जांच किए जाने की मांग की है।

### थाना से महज कुछ ही दूरी पर हत्या

बताया जाता है कि नाबालिग आरोपी ने इस बारदात को पंडरिया थाना से महज कुछ ही दूरी पर अंजाम दिया है। आरोपी और युवक कुणाल के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ और विवाद इतना बढ़ा की आरोपी ने अपना आपा खो दिया और कुणाल पर पत्थर से ताबड़तोड़ वार करने शुरू कर दिए। सिर और शरीर पर गंभीर चोटें आने के कारण कुणाल ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। थाने के इतने करीब हुई इस वारदात के बाद स्थानीय निवासियों और सामाजिक संगठनों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है। आरोपियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर बड़ी संख्या में लोगों ने पंडरिया थाने का घेराव किया। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि शहर के मुख्य इलाके में ऐसी घटना होना कानून-व्यवस्था की विफलता है।

### जिले के थाना क्षेत्रों में लगातार बढ़ रहे अपराध

जिले में अपराधों का ग्राफ लगातार बढ़ते जा रहा है जो चिंता का विषय है लेकिन उससे बड़ी चिंता का विषय यह है कि हत्या जैसी आपराधिक वारदातों को नाबालिग अंजाम दे रहे हैं। यहां बताना लाजिमी होगा कि जिले के विकासखण्ड पंडरिया क्षेत्र में हत्या सहित दूसरी आपराधिक गतिविधियों में तेजी से इजाफा हो रहा है। लेकिन ब्लाक मुख्यालय पंडरिया में बीती रात थाना मुख्यालय से महज कुछ ही दूरी पर इस हत्याकाण्ड ने कई सवाल खड़े कर दिए है और पुलिस की कार्यप्राणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## धारदार टंगिया से जानलेवा हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले के वनांचल ईलाकों में जिले के थाना झलमला क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सौंरू में तीन युवकों पर धारदार टंगिया से जानलेवा हमला करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। घटना 17 दिसंबर 2025 की बताई जा रही है, जब ग्राम सौंरू निवासी तीन युवक दो मोटरसाइकिलों से जा रहे थे। इसी दौरान आरोपी खेदूराम बैगा ने अचानक कुल्हाड़ी फेंककर उन पर हमला कर दिया था। घटना के बाद कारण जानने युवक जब आरोपी के घर पहुंचे, तो आरोपी ने जान से मारने की नीयत से धारदार टंगिया से तीनों पर ताबड़तोड़ हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना में घायल दो युवकों को जिला अस्पताल कवर्धा में भर्ती कराया गया था। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना झलमला में अपराध क्रमांक 17/2025, धारा 109(1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना की गई। पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में गठित विशेष टीम ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से वारदात में प्रयुक्त टंगिया जब्त की। आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। विवेचना के दौरान आरोपी खेदूराम बैगा पिता स्व. समारू बैगा उम्र 79 वर्ष निवासी ग्राम सौंरू थाना झलमला को विधिवत गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक धारदार टंगिया जप्त की गई। आरोपी को दिनांक 21 दिसंबर को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से जेल वारंट जारी होने पर जिला जेल कबीरधाम भेजा गया। इस कार्यवाही में प्रधान आरक्षक 75 संतोष मेरावी, आरक्षक 575 विजय मेरावी, आरक्षक 49 सुदर्शन धृतलहरे, आरक्षक 365 राजेन्द्र मरकाम, आरक्षक 440 शिवेन्द्र ठाकुर एवं आरक्षक 580 राजेश्वर नाग का विशेष योगदान रहा।

**खबर संक्षेप**

### समन्वय समिति की त्रैमासिक बैठक आज

**कवर्धा।** जिले में जन्म-मृत्यु के प्रकरणों के विलंबित पंजीयन एवं पंजीयन के दौरान आ रही समस्याओं के निराकरण के संबंध में एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई है। इस संबंध में जिला प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार 23 दिसंबर 2025 को कलेक्ट्रेट भवन के सभाकक्ष में समय-सीमा बैठक के तुरंत पश्चात जिला स्तरीय अंतर्विभागीय समन्वय समिति की त्रैमासिक बैठक आयोजित की जाएगी। जानकारी के मुताबिक इस बैठक में जन्म-मृत्यु पंजीयन से संबंधित लंबित प्रकरणों की समीक्षा की जाएगी तथा पंजीयन प्रक्रिया को सरल, सुगम एवं समयबद्ध बनाने हेतु संबंधित विभागों के मध्य समन्वय स्थापित करने पर चर्चा की जाएगी।

## जैतपुरी के कोठार में लगी भीषण आग, 40 एकड़ पैरावट जलकर राख, किसान को नुकसान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के दामापुर क्षेत्र के ग्राम जैतपुरी के एक कोठार में अग्नि दुर्घटना की घटना सामने आई है। जिसमें ग्रामीण किसान का कोठार में रखा करीब 40 एकड़ का पैरावट जलकर खाक हो गया। जिससे पीड़ित किसान को बड़ा नुकसान उठाना पड़ गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम जैतपुरी निवासी ग्रामीण सालिकराम यदू के कोठार में रखे 40 एकड़ के पैरावट में बीते दिनो अचानक आग लग गई। कोठार से आग की लपटें तथा धुंआ उठते देख ग्रामीण तत्काल मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाने के प्रयास शुरू कर दिए। लेकिन पैरावट में लगी आग इतनी भीषण थी की ग्रामीण समय रहते आग पर काबू नहीं पा सके और पूरा का पूरा पैरावट जलकर खाक हो गया। पीड़ित किसान ने बताया की वह मवेशी पालक है और मवेशियों के लिए पैरावट रखा था लेकिन अब वह जलकर नष्ट हो गया जिससे उसे खासा नुकसान उठाना पड़ गया। हालांकि अभी तक पैरावट में आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। ग्रागीण ने इस अग्नि दुर्घटना की रपट दामापुर पुलिस चौकी में दर्ज कराई है। पुलिस अग्नि दुर्घटना का पता लगाने में जुट गई है।

## सामाजिक चुनाव...



**कवर्धा।** जिला साहू संघ कबीरधाम के पदाधिकारियों का गत दिनो चुनाव सम्पन्न कराया गया। जिसमें सभी पदाधिकारियों का सर्वसम्मति से निर्विरोध चुनाव किया गया। इस संबंध में समाज से मिली जानकारी के अनुसार चुनाव प्रक्रिया के दौरान समाज प्रमुखों द्वारा सर्वसम्मति से जिला साहू संघ का अध्यक्ष धरम राज साहू को चुना है। इसी प्रकार उपाध्यक्ष कौशल साहू, उपाध्यक्ष पद(महिला) श्रीमती मनीषा साहू, संगठन सचिव लोकचंद साहू, संगठन सचिव(महिला) श्रीमती कौशिल्या साहू को चुना गया है। समाज प्रमुखों से सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई व शुभकानाएं दी है। वहीं नव नियुक्त पदाधिकारियों ने समाज के प्रति आभार व्यक्त करते हुए समाज द्वारा दिए गए दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा व ईमानदारी से समाज हित में किए जाने का भरोसा दिया।

## जुआरियों के विरूद्ध की गई कार्रवाई



**कवर्धा।** हरिनछपरा खार क्षेत्र में जुआ खेलने वालों के विरुद्ध पुलिस ने कार्यवाही करते हुए चार मोटर सायकल जप्त की है। इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के थाना कवर्धा क्षेत्रांतर्गत ग्राम हरिनछपरा खार में जुआ गतिविधियों की सूचना मुखबिर के माध्यम से प्राप्त हुई। सूचना के आधार पर थाना कवर्धा एवं सायबर टीम कवर्धा द्वारा संयुक्त रूप से मौके पर दबिश दी गई। पुलिस टीम के मौके पर पहुंचने पर जुआ खेलने वाले व्यक्ति अपनी मोटर सायकलें, ताश की 52 पत्ती एवं एक नीले रंग की चटाई छोड़कर खार का फायदा उठाकर फरार हो गए। मौके से कुल चार मोटर सायकलें क्रमशः सीजी 09 एच. 1135, बजाज पल्सर सीजी 09 जेएल 0453, हीरो होंडा एफएफ डिलक्स सीजी 09 जेसी 5759 एवं बजाज प्लेटिना सीजी 09 एच. 5931, एक ताश की 52 पत्ती एवं एक नीले रंग की चटाई विधिवत जप्त की गई। जप्त मोटर सायकलों के संबंध में मौके पर कोई मालिक उपस्थित नहीं मिलने पर थाना कवर्धा में धारा 106 बीएनएसएस के जप्त किया गया। जिला पुलिस कबीरधाम द्वारा असामाजिक गतिविधियों एवं अवैध जुआ संचालन के विरुद्ध आगे भी इसी प्रकार सख्त एवं सतत कार्यवाही जारी रहेगी।

## मानस मिश्रा पुनः बने अभाविप के प्रदेश सोशल मीडिया संयोजक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पाण्डातराई



विश्व के सबसे बड़े छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा नवीन प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा की गई है। संगठन के प्रति अटूट निष्ठा, सतत सक्रियता एवं सोशल मीडिया के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों को ध्यान में रखते हुए मानस मिश्रा को पुनः प्रदेश सोशल मीडिया संयोजक की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रदेश नेतृत्व ने यह निर्णय मानस मिश्रा की कार्यक्षमता, संगठनात्मक दृष्टि तथा डिजिटल माध्यमों पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की विचारधारा को प्रभावी एवं सकारात्मक रूप से प्रस्तुत करने की उनकी क्षमता को देखते हुए लिया है। अपने पूर्व कार्यकाल में भी उन्होंने इस दायित्व का सफलतापूर्वक निर्वहन करते हुए संगठन की डिजिटल उपस्थिति को सशक्त बनाया है। मानस मिश्रा इससे पूर्व भी प्रदेश सोशल मीडिया संयोजक एवं सह-संयोजक जैसे महत्वपूर्ण दायित्वों का निर्वहन कर चुके हैं। उनके कार्यकाल के दौरान संगठन के डिजिटल अभियानों को व्यापक पहचान मिली तथा छात्र हितों से जुड़े विषयों को सोशल मीडिया के माध्यम से प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया, जो अत्यंत सराहनीय रहा। मानस मिश्रा की पुनः नियुक्ति पर संगठन के कार्यकर्ताओं एवं शुभचिंतकों में उत्साह का माहौल है। कार्यकर्ताओं का विश्वास है कि उनके अनुभव, समर्पण और नेतृत्व में आगामी समय में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की डिजिटल उपस्थिति और अधिक सशक्त, संगठित एवं प्रभावी होगी।

## आवासीय विद्यालय, तरेगांव जंगल में हेल्थ कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कृषि विभाग द्वारा पायलेट प्रोजेक्ट ऑन स्कूल स्वायल हेल्थ कार्यक्रम का आयोजन 22 दिसंबर को पीएम श्री एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, तरेगांव जंगल में किया गया। इस कार्यक्रम अंतर्गत डिप्टी प्रोजेक्ट डायरेक्टर (आत्मा) सुशील कुमार वर्मा के द्वारा बच्चों को स्वायल हेल्थ कार्ड के संबंध में व्याख्यान दिया गया जिसमें मृदा नमूना संग्रहण, नमूना विश्लेषण, संतुलित मात्रा में उर्वरक उपयोग एवं फसलों के चयन के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। उन्होने बताया कि मृदा में जैविक खाद एवं संतुलित मात्रा में उर्वरकों का उपयोग कर फसल काश्त लागत में कमी लाते हुये उत्पादन में वृद्धि किस प्रकार की जा सकती है। कृषि विभाग से ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी सौरभ झा द्वारा छात्रों को मृदा स्वाथ्य प्रबंधन एवं स्कूल स्वायल हेल्थ कार्ड के संबंध में जानकारी दी गयी। कार्यक्रम के दौरान छात्रों से कृषि के विषय पर चर्चा की गई एवं मृदा परीक्षण के महत्व के बारे में बताया गया साथ ही जिला कबीरधाम के भौगोलिक मृदा संरचना के विषय में स्कूली छात्र-छात्राओं से चर्चा किया गया। प्रयोगशाला सहायक के द्वारा बच्चों को मृदा नमूना विश्लेषण के संबंध में प्रायोगिक प्रशिक्षण दिया गया, जिससे बच्चों ने मृदा पीएच विश्लेषण सहित 12 अन्य पैरामीटर का विस्तारपूर्वक अध्ययन किया। कार्यक्रम के दौरान, पीएमश्री एकलब्य आदर्श आवासीय विद्यालय, तरेगांव जंगल के प्राचार्य जेके त्रिपाठी तथा कृषि विभागीय दल प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

**किसानों को उन्नत बीज, पीएसबी कल्चर व आदान सामग्री का किया गया वितरण**

## केवीके ने आयोजित की बायोफोर्टिफाइड गेहूं उत्पादन पर कृषक संगोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कृषि विज्ञान केन्द्र (केवीके) कवर्धा द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मिशन के अंतर्गत बायोफोर्टिफाइड गेहूं किस्म एचआई-1636 (पूसा वकुला) की उन्नत कास्त तकनीक पर आधारित कृषक संगोष्ठी सह आदान सामग्री वितरण कार्यक्रम का आयोजन 03 दिसंबर 2025 को किया गया। इस कार्यक्रम में जिले के विभिन्न ग्रामों से आए लगभग 75 कृषकों ने भाग लिया। संगोष्ठी का उद्देश्य किसानों को उन्नत, पोषणयुक्त एवं अधिक उपज देने वाली गेहूं किस्म के वैज्ञानिक उत्पादन की जानकारी देना था। परियोजना के अंतर्गत कबीरधाम जिले में लगभग 30 हेक्टेयर क्षेत्र में गेहूं फसल का प्रदर्शन लक्ष्य निर्धारित किया गया है। यह प्रदर्शन विकासखण्ड लोहारा के ग्राम बुधवारा एवं सलिहा तथा विकासखण्ड पण्डरिया के ग्राम खैरवारकला में किया जा रहा है। योजना के दिशा-निर्देशानुसार किसानों को गेहूं किस्म एचआई-1636 के उन्नत आधार बीज (10 वर्ष के अंदर की अवधि का) तथा बीजोपचार हेतु पीएसबी कल्चर का वितरण किया गया। प्रदर्शन से पूर्व संगोष्ठी के माध्यम से किसानों को गेहूं की वैज्ञानिक खेती की संपूर्ण जानकारी दी गई। केवीके कवर्धा के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. बीपी त्रिपाठी ने किसानों को गेहूं उत्पादन की उन्नत तकनीकों की जानकारी दी। उन्होंने 2-3 वर्ष के अंतराल में मिट्टी पलटने वाले हल से गहरी जुताई, बीज उपचार के बाद ही बुवाई का सुझाव देते हुए तथा सीड ड्रिल से बुवाई करने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही मृदा परीक्षण के आधार पर उर्वरकों के संतुलित उपयोग एवं बुवाई के 20 दिन के आस पास खरपतवार नियंत्रण हेतु निंदानाशक छिड़काव का सुझाव दिया गया। उन्होंने बताया कि एचआई-1636 गेहूं किस्म मध्य भारत के लिए उपयुक्त, कम अवधि (लगभग 115 दिन) में पकने वाली, 55-65 क्विंटल प्रति हेक्टेयर तक उपज देने वाली तथा गर्मी सहनशील किस्म है। इसमें जिंक, आयरन, कॉपर और प्रोटीन की उच्च मात्रा पाई जाती है, जिससे यह स्वादिष्ट और पौष्टिक रोटी बनाने के लिए अत्यंत उपयुक्त है।




## डॉ. वीरेन्द्र साहू ने 0 से 5 आयु वर्ग के बच्चों को पिलाई पोलियो ड्रॉप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले में पल्स पोलियो अभियान के अंतर्गत 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को पोलियो की दो बूंद पिलाई जा रही है। 21 दिसंबर को जिले के 942 पल्स पोलियो बूथों पर बच्चों को पोलियो की खुराक दी गई। अभियान के प्रथम दिवस कुल 1 लाख 03 हजार 218 बच्चों को पोलियो की दो बूंद पिलाई गई। इसी कड़ी में पल्स पोलियो अभियान की शुरुआत विकासखण्ड कवर्धा के ग्राम मानिकचौरी स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में जिला पंचायत सभापति डॉ. वीरेंद्र साहू द्वारा 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के नौनिहाल को पोलियो ड्रॉप पिलाकर की गई। इस अवसर पर उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए डॉ. वीरेंद्र साहू ने कहा कि पल्स पोलियो अभियान बच्चों को पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से बचाने की दिशा में एक अत्यंत महत्वपूर्ण एवं प्रभावी पहल है। उन्होंने कहा कि पोलियो की दो बूंदें हर बच्चे के स्वस्थ और सुरक्षित भविष्य की मजबूत नींव हैं। डॉ. साहू ने सभी अभिभावकों से अपील की कि वे अपने 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को अनिवार्य रूप से पोलियो ड्रॉप पिलवाएं तथा इस राष्ट्रीय अभियान को सफल बनाने में सहयोग करें। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि उनके समर्पण से ही यह अभियान गांव-गांव तक सफलतापूर्वक पहुंच पा रहा है। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।



## खबर संक्षेप

### नेवारी-गुढ़ा में विश्व व्यापी पल्स पोलियो महाअभियान का सफल आयोजन



**हरिभूमि कवर्धा।** जिले में 21 दिसंबर रविवार से विश्व व्यापी महाअभियान के अंतर्गत पल्स पोलियो टीकाकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, इसी कड़ी में रविवार को प्रातः7:00 बजे ग्राम पंचायत नेवारी-गुढ़ा आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 01 में सफलता पूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन, माताएं-बहनें एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित थें। इस अवसर पर 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को पल्स पोलियो की खुराक पिलाई गई, जिससे बच्चों को पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित किया जा सके। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आंगनबाड़ी शिक्षक केशर डाहिरे, चम्पा कोसरिया ने कहा कि पल्स पोलियो टीकाकरण बच्चों के उज्जवल एवं स्वस्थ भविष्य के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने क्षेत्र की सभी माताओं एवं बहनों से अपील की कि वे अपने बच्चों का पल्स पोलियो टीकाकरण अवश्य कराएं, ताकि आने वाली पीढ़ी को रोग मुक्त बनाया जा सके। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा टीकाकरण कार्य को सुचारू रूप से संपन्न किया गया तथा ग्रामीणों ने कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई।

### शोकाकुल परिजनों से भेंट-मुलाकात कीः विधायक



**हरिभूमि कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया के ग्राम कंझेटा में कैलाश चंद्रवंशी के निज निवास पर दादी स्व. श्रीमती सूरुज बाई चंद्रवंशी के दशगात्र कार्यक्रम में पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा शामिल हुए। इस दौरान विधायक ने शोकाकुल परिवारजनों से भेंटकर कुशल-क्षेम जाना। उन्होने स्व. श्रीमती सूरूज बाई चंद्रवंशी के छायाचित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित कर की गई। इस दौरान विधायक श्रीमती भावना बोहरा, ओम यदु, विकास पांडेय, मोहन चंद्रवंशी, मनहरण साहू, शेखर सिंगरौल, भागीरथी सोनवानी, संजय चंद्रवंशी, दीपचंद चंद्रवंशी, बबलू चंद्रवंशी सहित ग्रामीण जन उपस्थित थे।

### चंदनपुर स्थित सांस्कृतिक मंच अत्यंत जर्जर



**हरिभूमि बरबसपुर।** विकासखंड बोड़ला के अंतर्गत ग्राम पंचायत राम्हेपुर कला के आश्रित ग्राम चंदनपुर स्थित प्रधानमंत्री सड़क किनारे स्थित सांस्कृतिक मंच देख-रेख व सुधार तथा मरम्मत कार्य के अभाव में अत्यंत जर्जर और बदहाल हो चुके हैं। वहीं सांस्कृतिक मंच अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहे हैं, मिली जानकारी के अनुसार बरसात के दिनों में छत पर दीवार किनारे जल भराव की स्थिति निर्मित होने के कारण दीवार के नीचे का भाग अत्यंत क्षतिग्रस्त हो गए हैं, वहीं दीवार में मोटी-मोटी दरारे फटने व छत से पानी टपकने तथा छत से प्लास्टर गिरने से खंडहर में तब्दील हो चुकी है। जिस पर ग्रामीणों ने क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों को इस ओर ध्यान देने तथा सांस्कृतिक मंच की सुधार व मरम्मत कार्य की मांग की गई ताकि रहवासियों को सांस्कृतिक मंच सुविधा का लाभ मिल सकें। बताया जाता है कि सांस्कृतिक मंच जर्जर होने के कारण सामाजिक और धार्मिक परिचर्चा करते हुए लेकिन जर्जर सांस्कृतिक मंच कभी भी छोटी बड़ी हादसा दुर्घटना को न्योता दे रहे है। जिस पर चंदनपुर के रहवासियों ने शासन प्रशासन व क्षेत्र के जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों को पुरानी जर्जर सांस्कृतिक मंच को तोड़कर नया सांस्कृतिक मंच निर्माण कार्य की मांग की गई ताकि ग्रामीणों को नए सांस्कृतिक मंच का लाभ मिल सकें।


### गजाधर वर्मा को पुनः जिला संयोजक व प्रांत कार्यसमिति की मिली जिम्मेदारी

**हरिभूमि कवर्धा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का 58 वां प्रांत अधिवेशन इस्पात नगरी भिलाई में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस



अधिवेशन में छत्तीसगढ़ के छात्र शक्ति का नेतृत्व करने वाले छात्र संगठन के पदाधिकारी सम्मिलित हुए, इस अधिवेशन में आगामी कार्ययोजना एवं दायित्वों की घोषणा की गई। अधिवेशन के दौरान संगठन के सक्रिय कार्यकर्ता गजाधर वर्मा को उनके निरंतर संगठनात्मक कार्य, छात्रहित में सक्रिय भूमिका एवं नेतृत्व क्षमता को देखते हुए पुनः जिला संयोजक की जिम्मेदारी सौंपी गई। साथ ही उन्हें प्रांत कार्यसमिति में भी नवीन दायित्व प्रदान किया गया, गजाधर वर्मा पूर्व में कवर्धा नगर उपाध्यक्ष, नगर मंत्री, नगर सहमंत्री, सेवा कार्य प्रमुख जैसे विभिन्न दायित्वों का निर्वाहन करते लगातार छह वर्षो से परिषद से जुड़े हुए हैं, लगातार छात्र हित के मुद्दे को लेकर आंदोलन, प्रदर्शन भी करते दिखे हैं तथा लगातार सक्रियता को देखते हुए अभाविप के प्रांत एवं विभागीय पदाधिकारियों ने कहा कि गजाधर वर्मा का अनुभव एवं समर्पण संगठन को नई दिशा देगा और छात्रहित के कार्यो को और अधिक सशक्त बनाएगा।

### प्राथमिक शाला देवरी में अर्धवार्षिक परीक्षा संपन्न



**हरिभूमि पिपरिया।** शासकीय प्राथमिक शाला देवरी संकुल केन्द्र मरका में अर्धवार्षिक परीक्षा सफलतापूर्वक संपन्न हुई। यह परीक्षा 16 दिसंबर से प्रारंभ होकर 20 दिसंबर तक आयोजित की गई, जिसमें कक्षा 01 से कक्षा 05 तक के विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। परीक्षा के दौरान विद्यालय में अनुशासनपूर्ण एवं शांत वातावरण रहा। विद्यार्थियों ने पूरी लगन एवं आत्मविश्वास के साथ परीक्षा दी। परीक्षा संचालन में शिक्षकों द्वारा विशेष सावधानी एवं निगरानी रखी गई। इस अवसर पर शैक्षिक समन्वयक सनत तिवारी, प्रधान पाठिका हेमलता शर्मा तथा शिक्षक अजित यादव उपस्थित थें। उन्होंने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि परीक्षा विद्यार्थियों के शैक्षिक स्तर के मूल्यांकन का महत्वपूर्ण माध्यम है, जिससे उनकी सीखने की प्रगति का आकलन किया जाता है। विद्यालय परिवार द्वारा अर्धवार्षिक परीक्षा के सफल आयोजन पर संतोष व्यक्त किया गया तथा विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

---

मुख्यमंत्री व केंद्रीय मंत्री की उपस्थिति में होगा पर्यटन कॉरिडोर का भूमिपूजन

# कलेक्टर गोपाल वर्मा ने भोरमदेव कार्यक्रम स्थल का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप तथा उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के विशेष प्रयासों से छत्तीसगढ़ के ऐतिहासिक, पुरातात्विक, पर्यटन एवं जनआस्था के प्रमुख केंद्र बाबा भोरमदेव मंदिर परिसर से लेकर मड़वा महल, छेरकी महल, रामचुवा एवं सरोदा जलाशय तक भोरमदेव कॉरिडोर का निर्माण स्वदेश दर्शन योजना 2.0 के अंतर्गत किया जाएगा। इस महत्वाकांक्षी परियोजना के तहत भोरमदेव मंदिर परिसर एवं आसपास के ऐतिहासिक स्थलों के व्यापक विकास के लिए दिसंबर माह के अंतिम सप्ताह में भोरमदेव पर्यटन कॉरिडोर का भूमिपूजन होना प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ केन्द्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत का आगमन इस कार्यक्रम में होने जा रहा है। कार्यक्रम की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। वहीं सोमवार को कलेक्टर गोपाल वर्मा ने भोरमदेव में कार्यक्रम एवं सभा स्थल का विस्तृत निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम की प्रस्तावित रूपरेखा के अनुसार तैयारियों की समीक्षा की और सभी संबंधित अधिकारियों को सारी आवश्यक व्यवस्थाएं समय-सीमा में पूर्ण करने के स्पष्ट निर्देश दिए। इस दौरान जिला पंचायत उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, जिला पंचायत सीईओ अजय कुमार त्रिपाठी, एडीएम विनय पोयाम, एसडीएम बोड़ला सागर सिंह राज सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।



### अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर गोपाल वर्मा ने कार्यक्रम के मुख्य मंच निर्माण, दर्शक दीर्घा, पार्किंग व्यवस्था, पेयजल सुविधा, सुरक्षा व्यवस्था, बैरिकेटिंग, पंडाल निर्माण एवं यातायात प्रबंधन सहित सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं के बारे में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को सभा स्थल पर मंच एवं बैठक व्यवस्था से संबंधित समस्त तैयारियों की विस्तृत कार्ययोजना बनाकर शीघ्र कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए। साथ ही अन्य विभागों को भी आवश्यक तैयारियों के लिए दायित्व सौंपे गए। कलेक्टर ने कहा कि कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनसमुदाय की उपस्थिति को देखते हुए सभी सुविधाएं सुगम, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित होनी चाहिए। उन्होंने संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ प्रत्येक कार्य की सतत मॉनिटरिंग करने तथा कार्यक्रम स्थल पर नियमित रूप से उपस्थित रहकर प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

---

# अनदेखीः डबराभाट ग्रापं भवन में वर्षों से संचालित हो रहा आंगनबाड़ी केंद्र



हरिभूमि न्यूज ⏭बरबसपुर

जिला मुख्यालय से लगभग 9 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम पंचायत डबराभाट रवेली मार्ग की सड़क के दोनों किनारों पर बसी हुई है, जहां की जनसंख्या लगभग 1500 से अधिक है। ग्राम पंचायत डबराभाट से सारगपुर खुर्द मार्ग पर वर्षो पूर्व निर्मित आंगनबाड़ी केंद्र अत्यधिक पुराना होने के कारण जर्जर और क्षतिग्रस्त हो चुका है। बरसात के मौसम में छत से पानी टपकने के कारण नौनिहाल बच्चों की सुरक्षा पर खतरा मंडराने लगा था। इसी कारण पिछले दो वर्षो से आंगनबाड़ी केंद्र को ग्राम पंचायत भवन में संचालित किया जा रहा है। वर्तमान में आंगनबाड़ी में लगभग 92 से अधिक नौनिहाल बच्चे पंजीकृत हैं। जनसंख्या अधिक होने के कारण ग्राम पंचायत में एक नहीं बल्कि दो आंगनबाड़ी केंद्र की आवश्यकता है।

### आंगनबाड़ी सहायिकाओं और बच्चों को लंबी दूरी तय करनी पड़ रही है, आंगनबाड़ी भवन जर्जर

ग्रामीणों का कहना है कि वर्षो से आंगनबाड़ी भवन जर्जर होने के बावजूद न तो उसकी मरम्मत कराई गई और न ही नए भवन निर्माण की दिशा में शासन-प्रशासन व संबंधित विभाग ने कोई ध्यान दिया है। जिसके कारण पंचायत भवन में आंगनबाड़ी संचालन के कारण बैठकों के समय स्कूली बच्चों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। जिस पर ग्रामीणों ने मांग की जल्द से जल्द नौनिहाल बच्चों के भविष्य को देखते हुए आंगनबाड़ी केंद्र का नव-निर्माण कराए जाने की मांग की गई ताकि ताकि बच्चों को सुरक्षित वातावरण में शिक्षा मिल सके।

---

# लालपुर कला केंद्र में पल्स पोलियो अभियान के तहत बच्चों को पिलाई गई दवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के अंतर्गत लालपुर कला केंद्र में पोलियो उन्मूलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला भाजपा के उपाध्यक्ष नितेश अग्रवाल केंद्र में पहुंचे और बच्चों को पोलियो की दवा पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम के दौरान नितेश अग्रवाल ने अभिभावकों एवं आमजन से संवाद करते हुए कहा कि पोलियो जैसी घातक बीमारी से बच्चों को सुरक्षित रखने के लिए दो बूंद जिंदगी की बेहद आवश्यक हैं। यह अभियान केवल एक सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी से अपील की कि 0 से 5 वर्ष तक के प्रत्येक बच्चे को पोलियो की खुराक अवश्य पिलाएं और इस राष्ट्रीय अभियान को सफल बनाएं। उन्होंने कहा कि भारत को पोलियो मुक्त बनाने में इस अभियान की महत्वपूर्ण भूमिका रही है और सतत जन जागरूकता व सहभागिता से ही इस उपलब्धि को बनाए रखा जा सकता है। अभियान के माध्यम से अंतिम छोर तक पहुंचकर हर बच्चे को दवा पिलाना स्वास्थ्य विभाग की प्राथमिकता है।

कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित थें। सभी ने मिलकर अभियान को सफल बनाने और समाज में पोलियो के प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। पल्स पोलियो अभियान के तहत क्षेत्र के विभिन्न बूथों पर बच्चों को दवा पिलाने की व्यवस्था की गई है, ताकि कोई भी बच्चा इस जीवनरक्षक दवा से वंचित न रह जाए।

---

# गुड गवर्नेंस वीक-2025 प्रशासन गांव की ओर शिविर का आयोजन अनुकरणीयः घुरूवाराम साहू

हरिभूमि न्यूज ⏭पिपरिया

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरूण साव एवं विजय शर्मा छत्तीसगढ़ शासन के मंशानुरूप गुड गवर्नेंस वीक-2025 प्रशासन गांव की ओर शिविर का आयोजन गत दिवस नगर के वार्ड क्रं.15 स्थित डॉ भीमराव अंबेडकर सर्व मांगलिक भवन पिपरिया में सम्पन्न हुआ। उक्त शिविर का शुभारम्भ नगर पंचायत अध्यक्ष घुरूवाराम साहू द्वारा मां भारती एवं छत्तीसगढ़ महतारी के तैल चित्र पर विधि विधान से पूजन कर माल्यार्पण किया गया। उक्त अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष घुरूवा



राम साहू ने छत्तीसगढ़ शासन की इस अभियान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस अभियान से गांव और शहरों की दशा और दिशा को निर्धारित करने में अहम होगा। जो देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के सपनों को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका होगी। प्रधानमंत्री ने 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए अनेको प्रयास किए जा रहे है। जिसमें छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा भी देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत अभियान में सक्रिय जिम्मेदारी निभा रही है। उक्त अवसर पर पार्षद चित्रबाहु देवांगन, दुर्गेश साहू, वरिष्ठ नागरिक जोहन साहू, राधे साहू, स्वास्थ्य, आयुर्वेद, पशुधन विकास, कृषि, जल संसाधन विभाग, तहसील पिपरिया के पटवारी, योगेश्वर सिंह नेताम मुख्य नगरपालिका अधिकारी, नगर पंचायत पिपरिया के अधिकारी-कर्मचारियों सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थें।

### कुंभकार समाज की जिला कार्यकारी बैठक संपन्न, सुदर्शन कुंभकार बने अध्यक्ष



**हरिभूमि कवर्धा।** जिले में छत्तीसगढ़ कुंभकार समाज (पंजीयन क्रमांक 1322) की जिला स्तरीय कार्यकारी बैठक रेंगाखार में सफलतापूर्वक आयोजित की गई। बैठक में जिला, ब्लॉक एवं ग्राम स्तर के पदाधिकारी, वरिष्ठ समाजजन तथा बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित रहे। बैठक का उद्देश्य संगठन को सशक्त बनाना और समाजहित से जुड़े विषयों पर विमर्श करना रहा। बैठक के दौरान पूर्व जिला अध्यक्ष सालिक कुंभकार ने तीन वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के पश्चात नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए अपने पद से इस्तीफा दिया, जिसे उन्होंने प्रदेश महामंत्री हेमलाल कौशिक को सौंपा। उनके कार्यकाल की समाजजनों ने सराहना की। कार्यकारी बैठक में सर्वसम्मति से नए जिला पदाधिकारियों की घोषणा की गई। सुदर्शन कुंभकार को जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया। वहीं सुनील कुंभकार को उपाध्यक्ष, सालिक कुंभकार को सचिव, महादेव कुंभकार को कोषाध्यक्ष, जितेंद्र कुंभकार को सह सचिव, रवि कुंभकार को प्रांतीय प्रतिनिधि तथा अशोक कुंभकार को सलाहकार की जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में आगामी जनवरी माह में प्रस्तावित जिला महासभा के आयोजन को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। महासभा की तैयारी, समाजजनों की सहभागिता तथा समाज के शैक्षणिक, सामाजिक एवं आर्थिक विकास से जुड़े मुद्दों पर गंभीर मंथन हुआ। कार्यक्रम में प्रदेश महामंत्री हेमलाल कौशिक, प्रदेश कोषाध्यक्ष जय प्रकाश कुंभकार सहित चमरू कुंभकार, उत्तम कुंभकार, गजानंद कुंभकार एवं अन्य गणमान्य समाजजन उपस्थित रहे। बैठक के अंत में नव नियुक्त पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी गईं।

---

महिला टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया

# शिक्षिका विधि तिवारी के नेतृत्व में ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज लॉन टेनिस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ महिला टीम ने जीता स्वर्ण पदक




हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

छत्तीसगढ़ राज्य के लिए यह अत्यंत गौरव का विषय है कि ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज लॉन टेनिस प्रतियोगिता में महिला कोच के रूप में शिक्षिका सुश्री विधि तिवारी के कुशल नेतृत्व में छत्तीसगढ़ महिला टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इस ऐतिहासिक उपलब्धि की विशेष बात यह रही कि कबीरधाम जिले की शिक्षिका सुश्री विधि तिवारी का चयन पहली बार इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में महिला कोच के रूप में किया गया। उनके अनुशासित मार्गदर्शन, रणनीतिक नेतृत्व एवं प्रेरणादायी प्रयासों के परिणामस्वरूप टीम ने पूरे प्रतियोगिता में शानदार खेल का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर सुश्री विधि तिवारी ने अपनी इस उपलब्धि के लिए जिला शिक्षा अधिकारी श्री वर्मा एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी के प्रति विशेष रूप से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके आदेश एवं प्रशासनिक अनुमति के अनुसार ही उन्हें इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने एवं टीम के साथ बाहर जाने का अवसर प्राप्त हुआ, जिससे यह सफलता संभव हो सकी। छत्तीसगढ़ महिला टीम की यह उपलब्धि न केवल खेल जगत बल्कि शिक्षा और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में भी प्रेरणास्त्रोत है। यह सफलता राज्य की अन्य महिला खिलाड़ियों, शिक्षकों एवं युवाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगी। प्रतियोगिता में शामिल छत्तीसगढ़ टीम के सदस्य जिसमें आशुतोष पांडेय आईएएस, नगर निगम कोरबा, डॉ खेमलाल आजाद प्राध्यापक, डॉ मनोज मिंज सहायक प्राध्यापक, सुश्री ऋचा जांगड़े सहायक अध्यापक, सुश्री नीलम सोनी व्याख्याता, मुकेश वर्मा व्याख्याता, आर त्रिनाथ राव बीएफओ, सत्यम साय व्याख्याता, ऐश्वर्य दत्त मेरसा व्यायाम शिक्षक, सुश्री मुक्ता मेरसा व्यायाम शिक्षक, सुश्री पाखी भट्ट वनरक्षक, अंजनी साहू व्यायाम शिक्षक तथा महिला कोच सुश्री विधि तिवारी ने अपने चयन एवं टीम की सफलता के लिए यह उपलब्धि न केवल कबीरधाम जिले बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ राज्य के लिए गौरव का विषय है और आने वाली पीढ़ी की महिला खिलाड़ियों एवं शिक्षकों को आगे बढ़ने की प्रेरणा देगी।

---

### जैतपुरी-बेंदरची में मनाया गया राष्ट्रीय गणित दिवस



**हरिभूमि कवर्धा।** प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष भी सोमवार को हर्षोल्लास पूर्वक राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया गया। यह दिवस महान भारतीय गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया गया। गणित के महत्व को बढ़ावा देने और छात्राओं को गणित के प्रति प्रेरित करने के लिए योग शिक्षक हरिराम साहू द्वारा बाल योग शाला में गणित के विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें गणित क्विज, पोस्टर प्रतियोगिता एवं गणित पर भाषण प्रतियोगिता सम्मिलित थे। इनमे प्रतिभावान छात्र छात्राओं को सम्मानित किया, इस प्रतियोगिता में जीवन पटेल ने प्रथम स्थान, कलिता साहू द्वितीय स्थान व साखी दास पटेल तथा टिकेश्वर साहू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं पतंजलि योग प्रशिक्षक हरिराम साहू ने विद्यार्थियों को श्रीनिवास रामानुजन के जीविनी को सुनाया और गणित में उनके विशेष योगदान को बताया कि उनका जन्म 22 दिसंबर 1887 को तमिलनाडु के इरोड में हुआ था। उन्होंने गणित में कई महत्वपूर्ण योगदान दिए, जिनमें पाई ($\pi$) की अनंत श्रेणी और पाई के अंकों की गणना करने के लिए अपरंपरागत तरीके शामिल हैं। इस दौरान बड़ी संख्या में कक्षा 10 के विद्यार्थीगण उपस्थित थें।